जयपुर ■ दिल्ली से प्रकाशित

# बिज़नेस रेमेडीज

वर्ष : 10 | अंक : 171 भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत व्यापार एवं विकास की आवाज मूल्य : 3 रुपए | पेज : 8 दैनिक www.businessremedies.com

जयपुर | मंगलवार 20 जून, 2023

## ब्रिटेन के शुल्क लाभ योजना को वापस लेने से प्रभावित हो सकते हैं चमड़े और कपड़े जैसे निर्यात

**बिजनेस रेमेडीज/नई दिल्ली।** ब्रिटेन के शुल्क लाभ योजना GSP को वापस लेने के फैसले से चमड़ा और कपड़ा जैसे कुछ श्रम आधारित क्षेत्रों के भारतीय निर्यातक प्रभावित हो सकते हैं। विशेषज्ञों और व्यापारियों ने यह बात कही है। ब्रिटेन 19 जून से सामान्यीकृत तरजीही योजना (GSP) की जगह एक नई व्यवस्था विकासशील देशों के लिए व्यापार योजना को लागू कर रहा है। इस कारण कपड़ा, चमड़े के सामान, कालीन, लोहा और इस्पात के सामान तथा रसायनों सहित कुछ श्रम आधारित क्षेत्र प्रभावित हो सकते हैं। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव ने कहा कि अमेरिका, यूरोपीय संघ , ऑस्ट्रेलिया, जापान और कई अन्य विकसित देश अपनी GSP योजनाओं के तहत विकासशील देशों को आयात शुल्क रियायत देते हैं।

# सरकार ने 2025-26 तक प्रौद्योगिकी को भारतीय जीडीपी का 20-25% करने का रखा लक्ष्यः राजीव चंद्रशेखर

**'भारतीय नवाचार अर्थव्यवस्था 2014 में चार-पांच प्रतिशत से बढ़कर आज दस प्रतिशत हो गई है'**





**बिजनेस रेमेडीज/वाशिंगटन** भारत सरकार ने 2025-26 तक प्रौद्योगिकी को देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 20-25 प्रतिशत करने का लक्ष्य रखा है। भारत के आईटी मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने भारतीय अमेरिकी उद्यमियों से यह बात कही और उन्हें भारत में निवेश करने को कहा। उन्होंने कहा कि पिछले नौ वर्षों में डिजिटल अर्थव्यवस्था का विस्तार हुआ है, विविधता आई है और इस समय तकनीकी क्षेत्र में ऐसी कोई जगह नहीं है, जहां भारतीय उद्यमी, भारतीय स्टार्टअप मौजूद नहीं हैं। चंद्रशेखर ने वैश्विक भारतीय प्रौद्योगिकी पेशेवर संघ के वार्षिक सम्मेलन को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए संबोधित करते हुए कहा कि सेमीकंडक्टर, माइक्रो-इलेक्ट्रॉनिक्स, एआई, ब्लॉकचेन और कंप्यूटिंग लैंग्वेज से लेकर उपभोक्ता इंटरनेट तक, हर जगह भारतीय उद्यमी मौजूद हैं। उन्होंने कहा, 'प्रौद्योगिकी का कोई भी क्षेत्र जिसे आप आज देखते हैं, वहां भारतीय स्टार्टअप, भारतीय उद्यमों और भारतीय नवप्रवर्तकों की महत्वपूर्ण उपस्थिति है। भारतीय नवाचार अर्थव्यवस्था 2014 में चार-पांच प्रतिशत से बढ़कर आज दस प्रतिशत हो गई है।' उन्होंने आगे कहा, 'हमारा लक्ष्य है कि प्रौद्योगिकी और डिजिटल अर्थव्यवस्था 2025-2026 तक कुल सकल घरेलू उत्पाद का 20 प्रतिशत होगी, जो लगभग 7.5 प्रतिशत की दर से बढ़ रही है। उस समय हमारा सकल घरेलू उत्पाद लगभग 5,000 अरब डॉलर होगा और इसका 20 प्रतिशत यानी 1,000 अरब डॉलर का प्रौद्योगिकी क्षेत्र होगा। हम इस लक्ष्य पर काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार इस लक्ष्य पर जोर दे रही है।'

## पीएफआरडीए की व्यवस्थित निकासी योजना लाने की तैयारी, पेंशनधारक निकाल सकेंगे पूरी राशि

**बिजनेस रेमेडीज/नई दिल्ली।** पेंशन कोष नियामक एवं विकास प्राधिकरण (PFRDA) एक व्यवस्थित निकासी योजना लाने की तैयारी कर रहा है। इसके तहत पेंशन खाताधारकों को 60 साल की आयु पूरी होने पर एकमुश्त राशि निकाल सकेंगे। PFRDA के चेयरमैन दीपक मोहंती ने यह जानकारी दी।




# इंटरनेट पर प्रतिबंध से भारत को हो चुका है 5 अरब डॉलर का नुकसान, 2023 में चुकानी पड़ी ज्यादा कीमत

**बिजनेस रेमेडीज/नई दिल्ली।** भारत को इंटरनेट बंद करने की भारी कीमत चुकानी पड़ रही है। ग्लोबल ट्रैकर Top10VPN के डेटा से पता चलता है कि कई जगहों पर इंटरनेट बंद करने की वजह से 2023 में भारत को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। डेटा के मुताबिक, भारत को पिछले पूरे साल में उतना घाटा नहीं सहना पड़ा था, जितना कि इस साल के 6 महीनों में हो गया। Top10VPN के डेटा से पता चलता है कि 2023 में इंटरनेट शटडाउन यानी इंटरनेट पर प्रतिबंध लगाने की वजह से भारत को 25.52 करोड़ डॉलर का नुकसान हुआ था जबकि 2022 के शटडाउन में देश को 18.43 करोड़ डॉलर का नुकसान झेलना पड़ा था। मणिपुर सरकार ने 3 मई को राज्य में जातीय हिंसा भड़कने के बाद कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए 15 जून को इंटरनेट प्रतिबंध बढ़ा दिया था। राज्य में इंटरनेट बंद हुए 40 दिन से ज्यादा हो गए हैं। 2023 में दुनियाभर के कई देशों में इंटरनेट बंद किया गया जिसके कारण उन्हें नुकसान झेलना पड़ा। इस मामले में भारत तीसरे नंबर का देश बन गया जिसे इंटरनेट शटडाउन की वजह से सबसे ज्यादा नुकसान हुआ हो। टॉप नंबर पर इथियोपिया है जो अभी दो साल के युद्ध से बाहर आया है। दूसरा म्यांमार है जहां 2021 में एक सैन्य तख्तापलट ने लोकतांत्रिक सरकार को हटा दिया था। Top10VPN के अनुसार, इंटरनेट प्रतिबंध की वजह से 4.32 करोड़ यूजर्स प्रभावित हुए। डेटा के अनुमान के अनुसार, 2019 के बाद से इंटरनेट शटडाउन से भारत को 5 अरब डॉलर से ज्यादा का नुकसान हुआ है।

अन्य रिपोर्ट्स ने भी इसी तरह के दावे किए हैं। उदाहरण के लिए, गैर-लाभकारी एक्सेस नाउ की फरवरी 2023 की रिपोर्ट के मुताबिक, लगातार पांचवें साल भारत में दुनिया भर के अन्य देशों के मुकाबले सबसे ज्यादा इंटरनेट शटडाउन हुआ। 2022 में, देश ने 84 शटडाउन दर्ज किए गए जबकि इसके पिछले साल यानी 2021 में 107 इंटरनेट शटडाउन दर्ज किए गए। जनवरी से 19 मई के बीच देश में 33 शटडाउन देखे गए हैं। वैश्विक स्तर पर, 80 शटडाउन दर्ज किए गए। इसके आंकड़ों के मुताबिक, इस साल अब तक दुनिया में करीब 40 फीसदी इंटरनेट शटडाउन भारत में हुआ है। ह्यूमन राइट्स वॉच और इंटरनेट फ्रीडम फाउंडेशन की एक रिपोर्ट में कई राज्यों में शटडाउन का मामला दर्ज किया गया है। राजस्थान ने 85 बार इंटरनेट शटडाउन किया गया, जो जनवरी 2020 और दिसंबर 2022 के बीच 28 राज्यों में सबसे ज्यादा है। सुप्रीम कोर्ट ने जनवरी 2020 में कहा था कि इंटरनेट शटडाउन को किसी रुटीन की तरह नहीं अपना लेना चाहिए और शटडाउन के मामले में गाइडलाइंस का पालन किया जाना चाहिए। उसके बाद से अरुणाचल प्रदेश में 8 बार, महाराष्ट्र में 6 और पश्चिम बंगाल में 6 बार इंटरनेट शटडाउन किया जा चुका है।

## सेंसेक्स 216 अंक लुढ़का

**बिजनेस रेमेडीज/मुंबई।** वैश्विक बाजारों से मिले नकारात्मक संकेतों के बीच सोमवार को घरेलू शेयर बाजार में गिरावट दर्ज की गई। सोमवार के कारोबार में सेंसेक्स 216 अंक टूटा। वहीं, निफ्टी में भी 71 अंकों की गिरावट दर्ज की गई। कारोबार के अंत में निफ्टी 18,755.45 पर बंद हुआ। BSE का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 216.28 अंक यानी 0.34 फीसदी टूटकर 63,168.30 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स 63,574.69 की ऊंचाई तक गया और नीचे में 63,047.83 तक आया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी में भी 70.55 अंक यानी 0.37 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। निफ्टी दिन के अंत में 18,755.45 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान निफ्टी 18,881.45 की उंचाई तक गया और नीचे में 18,719.15 तक आया।

# 2,000 रुपये के नोट को वापस लेने से बढ़ेगी खपत, जीडीपी ग्रोथ 6.5 प्रतिशत से ज्यादा रहने की संभावनाः एसबीआई रिपोर्ट

**बिजनेस रेमेडीज/नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक का 2,000 रुपये के नोट चलन से वापस लेने का फैसला चालू वित्त वर्ष में खपत को बढ़ावा देकर आर्थिक वृद्धि दर को 6.5 प्रतिशत से भी आगे ले जाने में मददगार साबित हो सकता है। एक रिपोर्ट में यह आकलन पेश किया गया।

देश के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक (SBI) के अर्थशास्त्रियों ने एक रिपोर्ट में कहा है कि वित्त वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही के लिए वास्तविक जीडीपी वृद्धि 8.1 प्रतिशत हो जाएगी और समूचे वित्त वर्ष के लिए 6.5 प्रतिशत वृद्धि का RBI का अनुमान भी पीछे छूट सकता है।

SBI की रिपोर्ट कहती है, 'हम 2000 रुपये के नोट वापस लेने के प्रभावों की वजह से अप्रैल-जून तिमाही में वृद्धि दर 8.1 प्रतिशत रहने की




उम्मीद करते हैं। यह हमारे उस अनुमान की पुष्टि करता है कि वित्त वर्ष 2023-24 में GDP वृद्धि RBI के अनुमान 6.5 प्रतिशत से अधिक रह सकती है।' RBI ने जून महीने की शुरुआत में कहा था कि 2,000 रुपये मूल्य वर्ग के आधे से अधिक नोट वापस आ चुके हैं। इनमें से 85 प्रतिशत नोट बैंकों में जमा के रूप में आए थे जबकि 15 प्रतिशत नोट बैंक काउंटरों पर अन्य मूल्य के नोट से बदले गए थे। SBI ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि 2,000 रुपये के नोट के रूप में कुल 3.08 लाख करोड़ रुपये प्रणाली में जमा के रूप में लौटेंगे। इनमें से करीब 92,000 करोड़ रुपये बचत खातों में जमा किए जाएंगे जिसका 60 प्रतिशत यानी करीब 55,000 करोड़ रुपये निकासी के बाद लोगों के पास खर्च के लिए पहुंच जाएंगे। रिपोर्ट के मुताबिक, खपत में गुणक बढ़ोतरी की वजह से लंबे समय में यह कुल बढ़ोतरी 1.83 लाख करोड़ रुपये तक रह सकती है। SBI के अर्थशास्त्रियों का मानना है कि नोट वापस लेने के आरबीआई के कदम से मंदिरों और अन्य धार्मिक संस्थानों को मिलने वाले दान में भी बढ़ोतरी होने की उम्मीद है। इसके अलावा टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं और बुटीक फर्नीचर की खरीद को भी बढ़ावा मिलेगा।

# सरकार कोल इंडिया के कर्मचारियों को बेचेगी 92 लाख शेयर

## ओएफएस के जरिये 21 जून से शुरू होगी बिक्री

**बिजनेस रेमेडीज/नई दिल्ली।** सरकार सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी कोल इंडिया में अपनी 0.15 प्रतिशत हिस्सेदारी यानी 92.44 लाख शेयर अपने कर्मचारियों को 226.10 रुपये प्रति शेयर के भाव पर बेचेगी। कोल इंडिया लिमिटेड (CIL) ने शेयर बाजार को दी गई सूचना में कहा कि कर्मचारियों के लिए लाई गई खुली बिक्री पेशकश (OFS) 21 जून से 23 जून तक खुली रहेगी। शेयर बिक्री पेशकश के तहत CIL के 92,44,092 इक्विटी शेयर कंपनी के पात्र कर्मचारियों को 226.10 रुपये प्रति शेयर के भाव पर बेचे जाएंगे। CIL में 0.15 प्रतिशत हिस्सेदारी की बिक्री से सरकार को करीब 20,000 करोड़ रुपये मिलेंगे। कर्मचारियों के लिए लाई इस बिक्री पेशकश के पहले इस महीने की शुरुआत में सरकार ने कोल इंडिया में अपनी हिस्सेदारी सेकेंडरी बाजार में बेची थी। सरकार ने कोल इंडिया में अपनी तीन प्रतिशत हिस्सेदारी संस्थागत और खुदरा निवेशकों को 225 रुपये प्रति शेयर के भाव पर बेचकर 4,185 करोड़ रुपये जुटाए थे।




# सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड में 23 जून तक आवेदन कर सकेंगे निवेशक

## ऑनलाइन आवेदन करने पर प्रति ग्राम 50 रुपये की मिलेगी छूट

**बिजनेस रेमेडीज/नई दिल्ली, (हि.स.)।** केंद्र सरकार की गोल्ड मोनेटाइजेशन स्कीम के तहत साल 2023-24 के लिए सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड (एसजीबी) की पहली सीरीज के तहत सोमवार से आवेदन शुरू हो गए हैं। सोना खरीदने के इच्छुक निवेशक शुक्रवार 23 जून तक एसजीबी के लिए आवेदन कर सकेंगे।

पहली सीरीज में 1 ग्राम सोने की कीमत 5,926 रुपये तय की गई है। सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड की खरीद के लिए पहले की तरह ही ऑनलाइन निवेश करने वाले निवेशकों को प्रोत्साहित करने की कोशिश की गई है। इसके तहत




ऑनलाइन आवेदन करने और डिजिटल मोड में भुगतान करने वाले निवेशकों को प्रति ग्राम 50 रुपये की छूट दी जाएगी। इस तरह ऑनलाइन निवेश करने वाले निवेशकों को एक ग्राम सोने के बॉन्ड के लिए 5,876 रुपये ही चुकाने होंगे। इस स्कीम के तहत सोने में 8 साल की अवधि के लिए निवेश किया जा सकता है। इस दौरान निवेशकों को 2.5 प्रतिशत की दर से ब्याज का भुगतान किया जाता है। ये ब्याज हर छह महीने में देय होता है।

सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड स्कीम भारत सरकार की ओर से सोने में निवेश को बढ़ावा देने के लिए चलाई जाने वाली एक योजना है, जिसमें निवेशकों के पैसे की सुरक्षा की गारंटी खुद भारत सरकार देती है भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के तहत भारतीय रिजर्व बैंक सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड स्कीम का संचालन करता है। इस स्कीम के तहत किसी भी बैंक के जरिए निवेश किया जा सकता है। इस स्कीम के तहत निवेशक न्यूनतम 1 ग्राम सोने के बॉन्ड में निवेश कर सकते हैं। इसी तरह अधिकतम 4 किलो सोने के बॉन्ड में व्यक्ति गत स्तर पर निवेश किया जा सकता है। इसी तरह अविभक्त हिंदू परिवार (एचयूएफ) भी अधिकतम 4 किलोग्राम सोने के बॉन्ड में निवेश कर सकते हैं, जबकि ट्रस्ट या विश्वविद्यालय इस योजना के तहत अधिकतम 20 किलोग्राम सोने के बॉन्ड में निवेश कर सकते हैं।

सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड स्कीम के तहत किया गया निवेश 8 साल की अवधि पूरा होने के बाद मैच्योर होता है। हालांकि 5 साल की अवधि के बाद भी इस स्कीम से अपना पैसा निकालने की सुविधा दी जाती है। मैच्योरिटी के बाद निवेशक को मिलने वाले रिटर्न पूरी तरह टैक्स फ्री होता है।

BUSINESS

## न्यूज ब्रीफ

### दो दिवसीय रोटरी लीडरशीप प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन



**बिजनेस रेमेडीज़/उदयपुर।** रोटरी क्लब युवा द्वारा आयोजित की गई दो दिवसीय रोटरी लीडरशीप प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। आरएलआई डिस्ट्रिक्ट 3054 जिला समिति अध्यक्ष सीमा सिंह ने बताया कि कार्यक्रम के दूसरे दिन विभिन्न प्रकार के 6 विषयों पर चर्चा की गई। पहले सत्र में पीडीजी दिलीप पटनायक ने बताया कि रोटरी अवसरों की खान है। इसमें सेवा करने के अनेक अवसर मिलते है, ताकि आप सेवा के साथ-साथ अपने भीतर लीडरशीप के गुण भी विकसित कर सकों। कार्यक्रम में सी.एम. बेंद्रे द्वारा फाउंडेशन-2 लक्षित सेवाओं, नेतृत्व रणनीतियों और टीम निर्माण पर, शालिनी भटनागर और ऐश्वर्या सिंह द्वारा सदस्यों को आकर्षित करने वाले सत्र क्लब संचार पर अपनी सारगर्भित वार्ता प्रस्तुत की। समापन समारोह के मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर निर्वाचित डॉ. निर्मल कुणावत थे।

### सब जूनियर फुट्सल का खिताब भीलवाड़ा के नाम



**बिजनेस रेमेडीज़/भीलवाड़ा।** जयपुर में आयोजित सब जूनियर राज्य स्तरीय फुट्सल प्रतियोगिता में भीलवाड़ा टीम ने फाइनल मुकाबले में अजमेर को 5-0 से हराकर खिताब अपने नाम किया है। संघ के अध्यक्ष विशिष्ट विश्नोई एवं संघ के सचिव जगदीश बुनकर ने बताया कि सिद्धार्थ गौतम ने दो गोल, केशव बुनकर ने एक गोल, देवराज और प्रवीण ने एक-एक गोल किये। इस दौरान संघ के कोषाध्यक्ष अमन चंदेल, दीपक, संजय चंदेरिया, अर्जुन शेखर सहित कई उपस्थित थे।

### धार्मिक संस्कार शिक्षण शिविर का पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह आयोजित



**बिजनेस रेमेडीज़/जयपुर।** दिगम्बर जैन महासमिति राजस्थान अंचल द्वारा श्री1008 आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर सेक्टर-17 प्रतापनगर में आयोजित धार्मिक संस्कार शिक्षण शिविर का पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह का समापन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुरेंद्र कुमार, मृदुला पाण्ड्या (राष्ट्रीय महामंत्री दि. जैन महासमिति), विशिष्ट अतिथि कैलाश चंद मलैया (अध्यक्ष सांगानेर संभाग) थे। सर्वप्रथम विनोद कुमार जैन, माया जैन, अखिल अभिलाषा जैन ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वहीं इंद्रा जैन ने मंगलाचरण स्वरों द्वारा तथा सिद्धिका जैन ने नृत्य के माध्यम से मंगलाचरण प्रस्तुत किया। इकाई के अध्यक्ष अनिल कुमार जैन तथा मंत्री लवनेश बगड़ा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। धार्मिक शिक्षण शिविर में संचालित संस्कार सरोवर भाग- 1-2-3 एवं छहढाला में भाग लेने वाले सभी स्टूडेंट्स को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र द्वारा सम्मानित किया। शिविर में शिक्षिका निर्मला सौगाणी, दीपा गोधा एवं यति जैन के साथ शिविर प्रभारी प्रेमचंद सौगाणी एवं धर्मेन्द्र सेठी को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

### डीपीएस उदयपुर के 6 छात्रों ने उत्तीर्ण की जेईई एडवांस-2023 की परीक्षा

**बिजनेस रेमेडीज़/उदयपुर।** दिल्ली पब्लिक स्कूल, उदयपुर की कक्षा बारहवीं के विज्ञान संकाय के छह विद्यार्थियों ने अध्ययन के प्रति अपने अथक परिश्रम, निष्ठा व लगन से जेईई एडवांस-2023 की परीक्षा में श्रेष्ठ परिणाम प्राप्त किया है। विद्यालय के प्राचार्य संजय नरवरिया ने बताया कि जेईई आर्किटेक्चर में मेहर सोनी ने ऑल इंडिया रैंक 177 और अमातुल्ला ने 581 रैंक प्राप्त कर शानदार प्रदर्शन कर अपने अभिभावक एवं विद्यालय को गौरान्वित किया है एवं प्रखर मेहता ने ऑल इंडिया रैंक 3735 तथा रुद्राक्ष श्रीमाली ने 5700 रैंक प्राप्त कर जेइई एडवांस परीक्षा में सफल रहे। इस परीक्षा में निशित लुहाड़िया और मुदिता व्यास ने भी अच्छे अंक हासिल कर सफलता प्राप्त की है। विद्यार्थियों की सफलता पर प्रो वाइस चेयरमैन गोविंद अग्रवाल, प्राचार्य संजय नरवरिया और हेडमास्टर राजेश धाभाई ने बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की।




## सधा जीवन

जिसके हाथों में विश्व का निर्माण होता है, चारों ओर प्रसन्नता की अबीर गुलाल बरसती है। चाहे हजारों शोले बरसाये, कांटे बिखेरे उनकी जिंदगी से हर तीखापन मुलायम हो उठता है। द्वेष (विद्वेष) क्लेश के आंधी तूफां उसका रास्ता धुंधला नहीं कर सकते, वो उन्हें पारदर्शी बना चेतना की तह तक ले जाते है और उनकी नजर पर नजर रखने वाला उनके दिव्य संकेत, संदेश और सीख से स्वयं को साध लेता है। सधा हुआ हर कदम, सधा हुआ हर हाथ साधना को शिखर छू लेता है। आज विश्व को तलाश है ऐसे सधे जीवन की। हमें विश्वास है आप सधे जीवन की खोज में नंबर 1 टॉप बनेंगे।

**चिंतनशीला वसुमति जी मा.सा।**

# जयपुर आकाश बायजू'स के दो छात्रों ने जेईई एडवांस्ड-2023 में शानदार परिणाम हासिल किए

**बिजनेस रेमेडीज़/जयपुर।** परीक्षा तैयारी सेवाओं में राष्ट्रीय अग्रणी, जयपुर सूर्य नगर शाखा के आकाश बायजू'स के दो छात्रों ने प्रतिष्ठित संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) एडवांस्ड 2023 में शानदार परिणाम हासिल कर उनके माता-पिता और संस्थान को गौरवान्वित किया है।

आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) के रीजनल डायरेक्टर, परमेश्वर झा ने छात्रों को उनके अनुकरणीय उपलब्धि के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि देशभर से कुल 1.8 लाख से अधिक छात्र जेईई (एडवांस्ड) 2023 के लिए उपस्थित हुए। उनकी उपलब्धि उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण के साथ-साथ उनके माता-पिता के समर्थन की बात करती है। हम उनके



भविष्य के प्रयासों के लिए उन्हें शुभकामनाएं देते हैं।

टॉप स्कोरर अमन मालू हैं, जिन्होंने एआईआर 872 हासिल किया और कुश अग्रवाल ने एआईआर 968 हासिल किया। परिणाम आईआईटी गुवाहाटी द्वारा घोषित किए गए। जेईई क्रैक करने के लिए छात्र आकाश के क्लासरूम प्रोग्राम में शामिल हुए। उन्होंने जेईई में टॉप पर्सेंटाइल की एलीट लिस्ट में अपने प्रवेश का श्रेय अवधारणाओं को समझने, आकाश से पाठ्यक्रम सामग्री और कोचिंग को दिया।

इस अवसर पर अमन मालू ने कहा कि हम आभारी हैं कि आकाश ने हमारी मदद की। वरना हम बहुत कम समय में विभिन्न विषयों में कई अवधारणाओं को नहीं समझ पाते। आकाश हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्रों के लिए कई पाठ्यक्रम प्रारूपों में जेईई कोचिंग प्रदान करता है। हाल के दिनों में आकाश ने कंप्यूटर आधारित प्रशिक्षण विकसित करने पर अपना ध्यान बढ़ाया है। इसका आईट्यूटर रिकॉर्डेड वीडियो लेक्चर प्रदान करता है। वहीं मॉक टेस्ट वास्तविक परीक्षा परिदृश्य का अनुकरण करते हैं, इस प्रकार छात्रों को परीक्षा का सामना करने के लिए आवश्यक परिचितता और आत्मविश्वास प्रदान करते हैं।

### कराटे खिलाड़ियों को मिले विभिन्न प्रकार के बेल्ट

**बिजनेस रेमेडीज़/उदयपुर।** हाल ही में सम्पन्न हुई 15 वीं सईको काई कराटे इंटरनेशनई इंडिया की कलर बेल्ट की परीक्षा में उतीर्ण हुए छात्रों को विभिन्न प्रकार के बेल्ट प्रदान किये गये। जिसमें सुरक्षा मार्शल आर्ट एकेडमी के 27 बच्चों ने भाग लिया था।

सुरक्षा मार्शल आर्ट एकेडमी के डायरेक्टर संजीव सिंह ने बताया जिसमें सीनियर कलर बेल्ट में पार्थ वेद ब्राउन 3 बेल्ट, अंशुमन बंसल ब्राउन 2 बेल्ट, आदित्य अग्रवाल, समिष्टा गहलोत, दोजीन व्यास, कर्तव्य कोठारी, गोजल बापना को ब्राउन 1 बेल्ट, शांभवी लोगनाथन ब्लू बेल्ट, अक्षय लोगनाथन ब्लू बेल्ट, निमिषा कुमावत, हिया चंडालिया, दक्ष चांडालिया, निशिता कोठारी, अक्षिता सोमानी, प्रिंस साह, लक्षिता भोज सहित सिया चौहान सभी को ग्रीन बेल्ट और जूनियर कलर बेल्ट में मिहित गर्ग, आरांश असावा, अन्वी अवस्थी, अक्ष दांगी, निखिल गमेत, कनिष्क बरोलिया को ऑरेज बेल्ट, मनन पटेल, परी चतुर्वेदी व चित्रांश खत्री येलो बेल्ट प्रदान किया गया।

### वुमन लीडरशिप समिट-2023 के चौथे संस्करण का हुआ आयोजन

**बिजनेस रेमेडीज़/जयपुर।** घर हो या फिर चाहे सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य, महिलाएं हमेशा 'लीडर्स' और 'चेंजमेकर्स' रही हैं। हालांकि महिलाओं को शिक्षा के अवसरों की कमी, असमान अवसरों और सीमित वित्तीय पहुंच जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, लेकिन इसके बावजूद महिलाएं धीरे-धीरे उभर रही हैं। डिजिटलाइजेशन ने कई महिलाओं के जीवन में बदलाव लाया है। वास्तव में भारतीय महिलाएं मॉडर्निटी और ट्रेडिशन का एक आदर्श मिश्रण हैं। कार्यस्थल पर अग्रणी होने के साथ-साथ वे संस्कृति की संरक्षक भी हैं। यह बात भारत सरकार, प्रिंसिपल कमिश्नर, आयकर, रोली अग्रवाल ने आईटीसी राजपुताना में सीआईआई-आईडब्ल्यूएन राजस्थान एनुअल सेशन और राजस्थान वुमन लीडरशिप समिट 2023 में विशेष संबोधन के दौरान कही। यह कार्य म कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई)- इंडियन वुमन नेटवर्क (आईडब्ल्यूएन) राजस्थान चैप्टर द्वारा आयोजित किया गया था। आईएफएस, निदेशक, राजस्थान वानिकी और वन्यजीव प्रशिक्षण संस्थान एवं मुख्य संरक्षक वन, प्रशिक्षण, राजस्थान सरकार, शैलजा देवल ने कहा कि लैंगिक असमानता और भेदभाव सभी उस मानसिकता में है, जो शुरू से ही बच्चों में भीतर भर दी जाती है। अपने स्वयं के जीवन के अनुभवों से उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि जिम्मेदारियां लेने के लिए महिलाएं पुरुषों की तुलना में अधिक सुसज्जित और कुशल हैं।

### मार्बल एसो. ने की बढ़ाए गए फ्यूल सरचार्ज को निरस्त करने की मांग

**बिजनेस रेमेडीज़/उदयपुर।** राजस्थान सरकार के विद्युत निगमों ने हाल ही में फ्यूल सरचार्ज बढ़या गया है, जिस पर मार्बल उद्योग के सभी व्यापारियों ने अपना विरोध दर्ज कराते हुए मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर ताराचंद मीणा को ज्ञापन दिया।

एसोसिएशन अध्यक्ष पंकज गंगावत ने बताया कि फ्यूल सरचार्ज के विरोध में सभी मार्बल व्यापारियों ने एकत्रित होकर बढ़ाए गए फ्यूल सरचार्ज के आदेश वापस लेने की मांग की। दिन पूरे राज्य में सभी मार्बल औद्योगिक संघटनों ने प्रातः 11 बजे अपने-अपने क्षेत्र के जिला कलेक्टर को को फ्यूल सरचार्ज निरस्त करने हेतु ज्ञापन दिया और 'विशेष ईंधन अधिभार' के नाम पर वसूल करने के आदेश वापस लेने का आग्रह किया। यह सरचार्ज राज्य के औद्योगिक विकास में बहुत बाधक सिद्ध हो रहा है, जिससे उद्योग पिछड़ रहे हैं।

# नयनाभिराम सोजतिया जड़ाउ पोलकी ज्वैलरी ने ग्राहकों का मन मोहा

**बिजनेस रेमेडीज़/उदयपुर।** सोजतिया ज्वैलर्स पर चल रही सोजतिया जडाउ पोलकी प्रदर्शनी में नयनाभिराम जडाउ ज्वैलरी ने महिलाओं सहित अन्य ग्राहकों का मन मोहा।

सोजतिया ज्वैलर्स के निदेशक महेन्द्र सोजतिया ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी लगायी गई सोजतिया जडाउ पोलकी प्रदर्शनी में सिन्डीकेट पोलकी युक्त जडाउ पोलकी ज्वैलरी, कन्दोरा,कलंगी, शीषफुल, बाजुबन्द की रजवाड़ी ज्वैलरी दूर से ही ग्राहकों को आकर्षित कर रही है। उन्होंने बताया कि इस प्रकार जवैलरी में हाथ के कड़े में मीना का बहुत सुन्दर तरीके से उपयोग किया



जाता है।

सोजतिया शोरूम पर ही बने वर्कशॉप में बनने वाली इस इस जडाउ पोलकी ज्वैलरी में पूर्ण रूप से क्वालिटी कन्ट्रोल पर ध्यान दिया जाता है, ताकि ग्राहकों को वाजिब दाम में सही ज्वैलरी मिलें। यहां पर कस्टमाईज साईज की ज्वैलरी भी इस वर्कशॉप में बनायी जाती है। प्रदर्शनी में 3 लाख से लेकर 75 लाख तक की नये कलेक्शन के रूप में रजवाड़ी जडाउ पोलकी प्रदर्शनी उपलब्ध है। इस प्रदर्शनी में ग्राहकों को विशेष रूप से 1 से लेकर 5 प्रतिशत तक जडाउ पोलकी ज्वैलरी में छूट दी जा रही है।

इस अवसर पर नेहल सोजतिया ने बताया कि इस प्रकार की प्रदर्शनी में सोजतिया ज्वैलर्स पर वर्ष में दो बार लगायी जाती है, ताकि ग्राहकों को हर बार नया कलेक्शन लेने को मिले।

### संकल्प ग्रुप के संस्थापक ने विवान सेवा संस्थान को दिए चार सर्जिकल बेड के मैट्रेस

**बिजनेस रेमेडीज़/जयपुर।** विवान सेवा संस्थान को संकल्प ग्रुप के संस्थापक विजेंद्र नाथ भार्गव ने संस्थान में संकल्प आग़ाज़ की जीत सिंगिंग ग्रुप की तरफ से 4 सर्जिकल बेड के मैट्रेस (10,000 रुपए) के दिये। इस कार्य में संतोष खडेलवाल, अनिल गुप्ता, कविता भार्गव, हीरेंद्र शर्मा का सहयोग रहा।

इस अवसर पर विजेंद्र भार्गव ने डॉक्टर भास्कर सहित सभी सहयोगी के लिए एक मनमोहक गीत, जो राह चुनी तूने उस राह पर राही चलते जाना रे, मधुबन खुशबू देता है... प्रस्तुत किया। जिसका सभी ने लुफ्त उठाया।

पूर्व में भी संकल्प सिंगिंग ग्रुप के




संपादक विजेंद्र नाथ भार्गव के माध्यम से विवान सेवा संस्थान (लकवा घर) पर डॉक्टर मुकेश भास्कर द्वारा निःशुल्क इलाज किया जा रहा है। संतोष गुप्ता पुत्री कल्याण मल गुप्ता, विजेंद्र भार्गव एवं हीरेंद्र शर्मा, जो कि संयुक्त निर्देशक कृषि है के द्वारा लकवा मरीजों के लिए चार सर्जिकल पलंग लगभग 26,000 रुपए के दिये गये एवं मरीजों की सहायता के लिए 5,600 रुपये की राशि दी गयी थी।

इस मौके पर विजेंद्र भार्गव द्वारा गीतों से सबका मनोरंजन किया। गीत जब दीप जले आना... सभी को बहुत अच्छा लगा।

### राज्यपाल कलराज मिश्र को दिया 'तत् त्वम असि' भगवत गीता पर प्रवचन कार्यक्रम का निमंत्रण

**बिजनेस रेमेडीज़/जयपुर।** गुलाबी नगर में 27 से 29 जून को होने वाले 'तत् त्वम असि' श्रीमद् भागवत गीता पर प्रवचन कार्यक्रम का निमंत्रण राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र को कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक डॉ. एच.सी. गणेशिया, मुख्य आयोजक आचार्य ईश्वरानंदा, संयोजक पवन टांक, स्वागत अध्यक्ष मनोज भारद्वाज ने सौंपते हुए आयोजन में सम्मिलित होने का आग्रह किया।

इस अवसर पर एडवोकेट मुरारी लाल, दीपक गोयल, समाजसेवी सुधीर जैन, शम्भू दयाल अग्रवाल, श्याम भवन, गब्बर शर्मा, सुनील सोनी, राजकमल सोनी उपस्थित रहे।

### डॉ. सुनीता शर्मा चुनी गई फोर्टी विमन विंग की नई प्रेसिडेंट



**बिजनेस रेमेडीज़/जयपुर।** डॉ. सुनीता शर्मा को फोर्टी विमन विंग की प्रेसिडेंट नियुक्त किया गया है। फोर्टी अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल ने डॉ सुनीता शर्मा को फोर्टी विमन विंग प्रेसिडेंट के पद पर नियुक्ति के आदेश जारी करते हुए कहा डॉ. सुनीता शर्मा पिछले 3 साल से फोर्टी विमन विंग के विभिन्न पदों पर शिद्दत के साथ काम कर रहीं हैं। अब इन्हें एफवीवी के नेतृत्व की जिम्मेदारी सौंपी जा रही है। डॉ. सुनीता शर्मा एक सफल निर्यातक के साथ चिकित्सक भी हैं, जो हमेशा वंचित, गरीब और महिला वर्ग को स्वास्थ्य के लिए जागरुक करती हैं। डॉ. सुनीता शर्मा ने कहा कि फोर्टी विमन विंग प्रदेश का सबसे बड़ा और प्रभावशाली महिला संगठन है। इस संगठन की प्रतिष्ठा को आगे ले जाने का प्रयास करेंगी। इसके माध्यम से राजस्थान में वुमन ऑन्त्रप्रन्योरशिप के विकास और सरकार की योजनाओं को महिला उद्यमियों तक पहुंचाया जाएगा।

# मंडला आर्ट गैलरी की चित्रकला प्रदर्शनी में विविध आर्ट के रंग बिखरे

**बिजनेस रेमेडीज़/जयपुर।** तीन दिवसीय मंडला आर्ट गैलरी की चित्र कला प्रदर्शनी में मधुबनी आर्ट से लेकर कलमकारी आर्ट, ट्राइबल आर्ट से राजस्थानी आर्ट और मॉडर्न पेंटिंग तक के रंग जयपुर में एक ही जगह नजर आए।

युवा कलाकार और मंडला आर्ट गैलरी की संस्थापक वसुधा शर्मा ने बताया कि विद्याधर नगर में लगने वाली इस चित्र प्रदर्शनी में 9 युवा कलाकारों ने अपनी 50 से ज्यादा पेंटिंग्स और विभिन्न हस्तकलाओं का प्रदर्शन किया। उल्लेखनीय है कि ये अधिकतर कलाकार 15 से 16 वर्ष की उम्र के हैं।



वसुधा ने प्रदर्शनी के उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए कहा कि आजकल बच्चे सृजनात्मक कामों से दूर होकर मोबाइल और गैजेट में उलझते जा रहे हैं। जरूरत है कि वो अपने जड़ों की ओर फिर लौटे और अपनी पारंपरिक कलाओं को संजोकर रखे।

राजस्थान विश्वविद्यालय के ड्राइंग और पेंटिंग विभाग से मास्टर्स डिग्रीधारक वसुधा, इन दिनों शहर के टीन-एज आर्टिस्टों की प्रेरणास्त्रोत हैं। यंग आर्टिस्ट और एंटरप्रेन्योर वसुधा का मूल उद्देश्य उभरते हुए कलाकारों को प्रोत्साहित करना, ट्रेनिंग देना और कला प्रदर्शन के राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर के मौके देना है। वसुधा पिछले आठ सालों से इसी मिशन पर अग्रसर है। वे अब तक 250 से ज्यादा बच्चों को विभिन्न आर्ट की ट्रेनिंग दे चुकी है।

**अंतरराष्ट्रीय चित्रकार एवम शिखाविद ने किया उद्घाटन :** शहर के टीन.एज कलाकारों की विविध कलाओं से सजी मंडला आर्ट गैलरी की इस चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन अंतरराष्ट्रीय स्तर के चित्रकार और मुख्य अतिथि रामू रामदेव ने किया। साथ ही इस मौके पर बतौर विशिष्ट अतिथि एमजीपीएस की प्रिंसिपल डॉ. सुनिता वशिष्ठ भी बच्चों का उत्साह बढ़ाने के लिए मौजूद थीं।

**किताब '8 साल की यात्रा' का भी हुआ विमोचन :** इस मौके पर प्रदर्शनी के साथ ही एक किताब का भी विमोचन किया गया। '8 साल की यात्रा' नामक इस किताब में आर्टिस्ट वसुधा शर्मा की कलाकृतियों के साथ ही उनके और स्टूडेंट्स के कला सफर का ब्यौरा है।

# इब्रा शुभम बनीं मिस उर्वशी 2023 की विनर

**बिजनेस रेमेडीज़/जयपुर।** मिस इंटरकॉन्टिनेंटल की ओर से एवं एलीट फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित किए जा रहे मिस केटेगरी के नेशनल लेवल ब्यूटी पेजेंट 'मिस उर्वशी सीजन 2' के ग्रैंड फिनाले का आयोजन सीतापुरा स्थित जी स्टूडियो में किया गया। जिसमें सभी ऑडिशन्स व सेलेक्शन राउंड्स में से चुनी गई 30 फाइनलिस्ट ने पार्टिसिपेट किया। सभी फाइनलिस्ट ने डिजाइनर कलेक्शन शोकेस किया और अपना बेस्ट परफॉरमेंस देकर क्राउन की जीत की दावेदारी पेश की।

शो आर्गेनाइजर वीरेंद्र अग्रवाल और शो डायरेक्टर रचना चौधरी ने बताया




कि यह मिस कैटेगरी के नेशनल लेवल ब्यूटी पेजेन्ट का सेकेंड सीजन है। आज इस फिनाले में 20 शहरों से आईं 17 से 27 एज ग्रुप की 30 फाइनलिस्ट मॉडल्स ने चार डिजाइनर फैशन सीक्वेंस में रैंप वॉक कर जूरी को इम्प्रेस किया और स्टाइलिश पोज दिए। इस इवेंट में जूरी के तौर पर बॉलीवुड एक्ट्रेस सिमरन आहूजा और मिस उर्वशी 2022 विनर वर्शिनी रामदगी उपस्थित रहे। वहीं स्पेशल गेस्ट के तौर पर आईजी जयपुर अशोक गुप्ता मौजूद रहे।

उन्होंने आगे बताया कि इस इवेंट में डिजाइनर कलेक्शन सुधांशु और ज्वेलरी रेंज को बुलबुल अग्रवाल ने शोकेस किया। मॉडल्स का मेकओवर अमिता मकाना व उनकी टीम द्वारा किया गया। इस पेजेन्ट की विनर को वर्क कॉन्ट्रैक्ट, गिफ्ट वाउचर, फिल्मों व म्यूजिक वीडियो में आने का मौका दिया जाएगा। इस पांच दिन के मेगा फैशन इवेंट में ग्रैंड फिनाले से पहले ग्रुमिंग सेशन, सैश सेरेमनी, ट्री प्लांटेशन, हवन फॉर पर्यावरण, टैलेंट राउंड और पोर्टफोलियो शूट जैसी लर्निंग एक्टिविटीज का आयोजन किया गया था। इस पेजेन्ट की यूएसपी यह है कि इस पूरे पेजेन्ट के दौरान किसी भी पार्टिसिपेंट से किसी भी प्रकार की कोई भी एंट्री व ग्रुमिंग फीस नहीं ली गई है।

आवश्यकता

बिजनेस रेमेडीज दैनिक समाचार पत्र को कोटा, अजमेर, बीकानेर, जोधपुर, पाली में खबरों एवं विज्ञापन कार्य हेतु प्रतिनिधि की आवश्यकता है।

सम्पर्क करें

बिजनेस रेमेडीज

63/118, हीरा पथ, मानसरोवर, जयपुर -302020

0141-3594672 ,9929106227

E-Mail: remediesbusiness@gmail.com

businessremedies@yahoo.com

# सप्लाई चैन फाइनेंस टेक्नोलॉजी और डिजिटल लेंडिंग सॉल्यूशन देने वाली कंपनी है 'वीफिन सॉल्यूशंस लिमिटेड'

## 22 जून को खुलकर 26 जून 2023 को बंद होगा कंपनी का आईपीओ

**बिजनेस रेमेडीज/जयपुर।** मुंबई आधारित कंपनी 'वीफिन सॉल्यूशंस लिमिटेड' सप्लाई चैन फाइनेंस टेक्नोलॉजी और डिजिटल लेंडिंग सॉल्यूशन देने वाली कंपनी है। कंपनी द्वारा वैश्विक बिक्री बढ़ाने एवं मार्केटिंग खर्चों की पूर्ति, नए प्रोडक्ट्स विकसित करने या वर्तमान प्रोडक्ट्स में वृद्धि, सुधार, अपडेटिंग, अपग्रेडिंग करने और सामान्य कारपोरेट आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु बीएसई एसएमई प्लेटफार्म पर आईपीओ लाया जा रहा है। बिजनेस रेमेडीज की टीम ने कंपनी प्रबंधन से कंपनी की कारोबारी गतिविधियों के संबंध में जानकारी हासिल की।

**यह करती है कंपनी:** 'वीफिन सॉल्यूशंस लिमिटेड' का इनकॉरपोरेशन वर्ष 2020 में हुआ था। कंपनी सप्लाई चैन फाइनेंस टेक्नोलॉजी और डिजिटल लेंडिंग सॉल्यूशन देने का कार्य करती है। कंपनी मुख्य रूप से क्षेत्रों में कार्यरत है

1. सप्लाई चैन फाइनेंस टेक्नोलॉजी सॉल्यूशंस
2. डिजिटल लेंडिंग सूट सॉल्यूशंस

सप्लाई चैन फाइनेंस टेक्नोलॉजी सॉल्यूशंस सेगमेंट प्रौद्योगिकी-संचालित फाइनेंसिंग सॉल्यूशन प्रदान करने पर केंद्रित है जो सप्लाई चैन फाइनेंसिंग प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित कर सकते हैं और व्यवसायों को उनके नकदी प्रवाह को अधिक प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने में मदद कर सकते हैं। डिजिटल लेंडिंग सूट सॉल्यूशंस सेगमेंट को वित्तीय संस्थानों को व्यापक स्तर पर समाधान प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है जो उन्हें अपने उधार संचालन को बेहतर बनाने और बेहतर ग्राहक अनुभव प्रदान करने में मदद करता है। वीफिन सॉल्यूशंस की ग्राहकों की सूची में बैंक, गैर-बैंकिंग वित्तीय संस्थान, फिनटेक, मार्केटप्लेस और अन्य जैसे येस बैंक, इंडसइंड बैंक, इंडियन बैंक, सिटी बैंक, बीआरएसी, वीपी बैंक, रियाद बैंक, आदित्य बिड़ला कैपिटल, मिंटिफी, एंबिट फिनवेस्ट जैसे कॉरपोरेट शामिल हैं। कंपनी को फिनटेक इंडिया समिट एंड अवार्ड्स, 2022 में 'मोस्ट इनोवेटिव सप्लाई चेन फाइनेंस सॉल्यूशन' और एल्डन ग्लोबल, सीएससीएमपी, एसआईएमएम और नासकॉम द्वारा इन्फ्लेक्शन वेब कॉन्फ्रेंस में 'सॉल्यूशन ऑफ द ईयर-2021; एससीएफ' से सम्मानित किया गया।

**कंपनी का वित्तीय प्रदर्शन:** वित्त वर्ष 2022 में कंपनी ने 6.55 करोड़ रुपए का राजस्व एवं 70.01 लाख रुपए का कर पश्चात शुद्ध लाभ अर्जित किया है। वित्त वर्ष 2023 में 31 जनवरी 2023 की अवधि तक कंपनी ने 12.62 करोड़ रुपए का राजस्व एवं 3.50 करोड़ रुपए का कर पश्चात शुद्ध लाभ अर्जित किया है। वित्त वर्ष 2023 में 31 जनवरी 2023 की अवधि तक कंपनी की कुल संपत्ति 48.21 करोड़ रुपए, नेटवर्थ 42.93 करोड़ रुपए, रिजर्व एंड सरप्लस 24.59 करोड़ रुपए और कुल कर्ज महज 50.81 लाख रुपए दर्ज किया गया है। कंपनी का कर्ज ना के बराबर है। उक्त अवधि में कंपनी ने कंसोलिडेट रूप से 1.91 रुपए का ईपीएस अर्जित किया है। कंपनी हाई ग्रोथ हाई मार्जिन सेगमेंट में काम करती है।

**कंपनी के आईपीओ के संबंध में जानकारी:** 'वीफिन सॉल्यूशंस लिमिटेड' का आईपीओ बीएसई एसएमई प्लेटफार्म पर 22 जून को खुलकर 26 जून 2023 को बंद होगा। कंपनी द्वारा 10 रुपए फेसवैल्यू के 56,99,200 शेयर 82 रुपए प्रति शेयर के भाव पर जारी कर 46.73 करोड़ रुपए जुटाए जा रहे हैं। फ्रेश इश्यू के जरिए कंपनी 23.37 करोड़ रुपए जुटाएगी जबकि ऑफर फॉर सेल के माध्यम कंपनी के शेयर धारक शेयर बिक्री करके 23.37 करोड़ रुपए जुटाएंगे। कंपनी के आईपीओ का मार्केट लॉट साइज 1600 शेयरों का है। आईपीओ में रिटेल निवेशकों के लिए 50 फ़ीसदी शेयर आरक्षित किए गए हैं। कंपनी के आईपीओ का प्रबंधन प्रमुख लीड मैनेजर कंपनी श्रेणी शेयर्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है।

**नोटः कंपनी के आईपीओ में निवेश करने से पूर्व निवेशकों को पंजीकृत निवेश सलाहकार से सलाह लेनी चाहिए।**

### प्रवर्तक अनुभव



राजा देबनाथ

कंपनी प्रवर्तक 47 वर्षीय राजा देबनाथ कंपनी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक भी हैं। उन्होंने ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी से बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में मास्टर डिग्री, जमुनालाल बजाज इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज से बिजनेस मैनेजमेंट में मास्टर डिग्री और पुणे यूनिवर्सिटी से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में बैचलर डिग्री हासिल की है। उन्हें डिजिटल टेक्नोलॉजी सर्विसेज, बैंकिंग और कंसलटेंसी सेगमेंट में कार्य करने का 20 वर्षों से अधिक अनुभव है। उन्होंने जीई मनी, कोटक महिंद्रा बैंक, अर्नेस्ट एंड यंग और इंटरनेशनल फाइनेंस कॉरपोरेशन जैसी प्रमुख संस्थाओं में वरिष्ठ प्रबंधन के पद पर कार्य करके वृहद अनुभव हासिल किया है। उनके नेतृत्व में कंपनी ने विभिन्न ग्राहकों को फाइनेंशियल प्रोडक्ट और डिजिटल सॉल्यूशन उपलब्ध कराने के लिए मजबूत टीम स्थापित की है। उनके वास्तविक बैंकिंग अनुभव से कंपनी को सभी कार्यों को प्रभावी तरीके से पूरा करने में मदद मिलती है। वें कंपनी के लिए नए प्रोडक्ट्स और सर्विसेज बनाने में अहम रणनीतिक भूमिका निभाते हैं। इसके साथ ही उन पर कंपनी की ग्रोथ और पार्टनरशिप विकसित करने की भी जिम्मेदारी है। वें कंपनी के लिए संभावित साझेदार ढूंढते हैं और उनके साथ मिलकर संयुक्त रूप से आगे बढ़ने की रणनीति पर कार्य करते हैं।



गौतम विजय उड़ानी

कंपनी प्रवर्तक 38 वर्षीय गौतम विजय उड़ानी कंपनी के पूर्णकालिक निदेशक भी हैं। उन्होंने न्यूजर्सी यूनिवर्सिटी से मैनेजमेंट इनफार्मेशन सिस्टम में मास्टर डिग्री हासिल की है। उन्होंने मुंबई यूनिवर्सिटी से कंप्यूटर इंजीनियरिंग में बैचलर डिग्री हासिल की है। वर्ष 2010 में उन्होंने एजुकेशन, रियल एस्टेट और ई-कॉमर्स इंडस्ट्री के लिए सॉफ्टवेयर विकसित करने वाली विशेषज्ञ स्टार्टअप कंपनी इनफिनी सिस्टम्स की शुरुआत की। उनके पास कंपनी की इंजीनियरिंग एवं डिलीवरी, प्रोडक्ट की गुणवत्ता सुनिश्चित करने, फाइनेंस एंड अकाउंट्स, पूंजी जुटाने और मानव संसाधन की जिम्मेदारी है। इसके साथ ही वें ग्राहकों को समय पर, उचित लागत में वांछित गुणवत्ता का प्रोडक्ट मुहैया कराने के लिए भी जिम्मेदार हैं। उनका बिजनेस एवं फाइनेंस सेगमेंट में व्यापक अनुभव कंपनी के लिए बहुत फायदेमंद है।




| | |
|---|---|
| IPO Date | Jun 22, 2023 to Jun 26, 2023 |
| Listing Date | [.] |
| Face Value | ₹10 per share |
| Price | ₹82 per share |
| Lot Size | 1600 Shares |
| Total Issue Size | 5,699,200 shares (aggregating up to ₹46.73 Cr) |
| Fresh Issue | 2,849,600 shares (aggregating up to ₹23.37 Cr) |
| Offer for Sale | 2,849,600 shares of ₹10 (aggregating up to ₹23.37 Cr) |
| Issue Type | Fixed Price Issue IPO |
| Listing At | BSE SME |
| Market Maker portion | 288,000 shares Shreni Shares |

# एचएमए एग्रो इंडस्ट्रीज लिमिटेड के आईपीओ को मिला एंकर निवेशकों का शानदार समर्थन

585 रुपए के भाव पर 24,61,537 शेयरों का आवंटन हुआ फाइनल

'एचएमए एग्रो इंडस्ट्रीज लिमिटेड' के आईपीओ में 20 जून से 23 जून तक आवेदन कर सकेंगे निवेशक

**बिजनेस रेमेडीज।** उत्तर प्रदेश के आगरा आधारित कंपनी 'एचएमए एग्रो इंडस्ट्रीज लिमिटेड' देश की प्रमुख फ्रोजन बफैलो मीट निर्यातक कंपनी का आईपीओ आज खुलकर 23 जून को बंद होगा। कंपनी द्वारा बीएसई एवं एनएसई मेनबोर्ड पर कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं की पूर्ति एवं सामान्य कॉर्पोरेट आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु आईपीओ लाया जा रहा है।

**कंपनी की कारोबारी गतिविधियां:** वर्ष 2008 में 'एचएमए एग्रो इंडस्ट्रीज लिमिटेड' का इनकॉरपोरेशन हुआ था। एचएमए एग्रो इंडस्ट्रीज लिमिटेड देश में फ्रोजन/ ताजा डीग्लैंडेड बफैलो मीट, तैयार / फ्रोजन प्राकृतिक उत्पादों, सब्जियों और अनाज सहित खाद्य और कृषि उत्पादों के लिए एक खाद्य व्यापार संगठन के रूप में काम करती है। एचएमए एग्रो इंडस्ट्रीज देश से फ्रोजन बफैलो के मांस उत्पादों के प्रमुख निर्यातकों में से एक है और देश के फ्रोजन बफैलो मीट के कुल निर्यात का 10 फीसदी से अधिक निर्यात कंपनी द्वारा किया जाता है। कंपनी के उत्पादों को 'ब्लैक गोल्ड', 'कामिल' और 'एचएमए' ब्रांड नेम के तहत पैक किया जाता है और पूरे विश्व में 40 से अधिक देशों में निर्यात किया जाता है। कंपनी के अलीगढ़, मोहाली, आगरा और परभनी में स्थित चार पूरी तरह से एकीकृत पैकेज्ड मीट प्रोसेसिंग प्लांट हैं और हरियाणा में पांचवां पूर्ण रूप से एकीकृत मीट प्रोसेसिंग प्लांट स्थापित है। एचएमए एग्रो इंडस्ट्रीज के पास जयपुर और मानेसर में दो अतिरिक्त माध्यमिक स्तर की मांस प्रसंस्करण इकाइयां भी हैं। संयुक्त अरब अमीरात, इराक, सऊदी अरब, ओमान, बहरीन, जॉर्डन, अल्जीरिया, मिस्र, अंगोला, वियतनाम, इंडोनेशिया, जॉर्जिया, मलेशिया, कंबोडिया और अन्य मध्य पूर्व, सीआईएस और अफ्रीकी देशों आदि को निर्यात के लिए कंपनी की निर्माण इकाइयां स्वीकृत हैं। लगभग कंपनी की बिक्री का 90 फीसदी निर्यात से प्राप्त होता है। एचएमए ग्रुप के पास लगभग 25000 कर्मचारियों की कुल क्षमता है और यह देश में 10 से अधिक कार्यस्थलों और 5 कार्य वातावरणों में काम करता है।

**एंकर निवेशकों से हासिल हुआ शानदार समर्थन :** एचएमए एग्रो इंडस्ट्रीज लिमिटेड के आईपीओ को एंकर निवेशकों से शानदार समर्थन हासिल हुआ है। कंपनी का आईपीओ आज बीएसई और एनएसई मेनबोर्ड प्लेटफार्म पर खुल रहा है। सोमवार को कंपनी के बुक रनिंग लीड मैनेजर आर्यमान फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड द्वारा एंकर निवेशकों को 585 रुपए के भाव पर 24,61,537 शेयरों का आवंटन फाइनल हुआ है। ाफ्ट इमर्जिंग मार्केट फंड पीसीसी-सिटाडेल कैपिटल फंड को 6,15,400 शेयर , मिनर्वा वेंचर फंड को 1,70,950 शेयर, फॉर्ब्स ईएमएफ को 1,88,125 शेयर, इमर्जिंग मार्केट फंड पीसीसी-इलीट कैपिटल फंड को 5,81,200 शेयर, कोईयस ग्लोबल अपॉर्चुनिटी फंड को 4,78,650 शेयर, रेडिएंट ग्लोबल फंड को 3,27,212 शेयर और एबसोल्यूट रिटर्न्स स्कीम को 1,00,000 शेयर का आवंटन फाइनल किया गया है।

**कंपनी के आईपीओ के संबंध में जानकारी:** 'एचएमए एग्रो इंडस्ट्रीज लिमिटेड' का आईपीओ बीएसई और एनएसई मेनबोर्ड पर आज खुलकर 23 जून 2023 को बंद होगा। कंपनी द्वारा 10 रुपए फेसवैल्यू के शेयर बुक बिल्ट इश्यू प्रणाली से 555 से 585 रुपए प्रति शेयर के भाव पर जारी कर कुल 480 करोड़ रुपए जुटाए जा रहे हैं। आईपीओ में फ्रेश इश्यू के माध्यम से 150 करोड़ रुपए जुटाए जा रहे हैं। जबकि कंपनी के वर्तमान शेयरहोल्डर ऑफर फॉर सेल के माध्यम से शेयर जारी कर 330 करोड़ रुपए प्राप्त करेंगे। रिटेल निवेशकों के लिए कंपनी का न्यूनतम आईपीओ लोट साइज 25 शेयरों का है। आईपीओ में 50 फ़ीसदी शेयर क्यूआईबी कैटेगरी के निवेशकों, 15 फ़ीसदी शेयर एनआईआई केटेगरी के निवेशकों और 35 फ़ीसदी शेयर रिटेल केटेगरी के निवेशकों के लिए आरक्षित किए गए हैं। कंपनी के आईपीओ का प्रबंधन प्रमुख लीड मैनेजर कंपनी आर्यमन फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है।

**नोटः कंपनी के आईपीओ में निवेश करने से पूर्व निवेशकों को पंजीकृत निवेश सलाहकारों की सलाह लेनी चाहिए।**




*Issue Details*

Fresh Issue of Equity shares aggregating upto Rs 150 Cr & Offer for sale of Equity Shares Aggregating upto Rs 330 Cr

Issue Size: Rs. 480 Crs
No. of Shares: 82,05,128*
Face Value: Rs 10/-
Price Band: Rs. 555/- to Rs. 585/-
Bid Lot: 25
Post Issue Implied Market Cap : Rs. 2,929.50 Crs

BRLM: Aryaman Financial Services Ltd
Registrar: Bigshare Services Pvt Ltd
Anchor Investor Bidding date: June 19, 2023
Bid / Issue Opens on: June 20, 2023
Bid/ Issue Closes on: June 23, 2023

# रबर कन्वेयर बेल्ट निर्माण करने वाली विशेषज्ञ कंपनी है 'पेंटागन रबर लिमिटेड'

## 26 जून को खुलकर 30 जून 2023 को बंद होगा कंपनी का आईपीओ

**बिजनेस रेमेडीज।** पंजाब के मोहाली आधारित कंपनी 'पेंटागन रबर लिमिटेड' रबर कन्वेयर बेल्ट निर्माण करने वाली विशेषज्ञ कंपनी है। कंपनी द्वारा कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं की पूर्ति व सामान्य कारपोरेट आवश्यकता की पूर्ति हेतु एनएसई इमर्ज प्लेटफार्म पर आईपीओ लाया जा रहा है। बिजनेस रेमेडीज की टीम ने कंपनी की कारोबारी गतिविधियों के संबंध में जानकारी हासिल की।

**यह करती है कंपनी:** 'पेंटागन रबर लिमिटेड' का इनकॉरपोरेशन वर्ष 2004 में हुआ था। पेंटागन रबर लिमिटेड रबर कन्वेयर बेल्ट, ट्रांसमिशन बेल्ट, रबर शीट और एलीवेटर बेल्ट बनाती है। पेंटागन रबर लिमिटेड की निर्माण इकाई चंडीगढ़ शहर से 25 किमी दूर पंजाब के डेराबस्सी में स्थित है। यह भारत की सबसे लंबी कन्वेयर बेल्टिंग प्रेस में से एक है, जिसकी उत्पादन क्षमता एक बार में 21 मीटर है। विनिर्माण इकाई की उत्पादन क्षमता प्रति वर्ष 300 वर्ग किमी से अधिक कन्वेयर रबर बेल्ट का निर्माण करने की है। कंपनी के पास अंतरराष्ट्रीय मानकों से प्रमाणित एक आधुनिक प्रयोगशाला है जो DIN, BS, IS, ISO, SABS, AS, GOST और CAN मानकों के अनुसार कन्वेयर बेल्ट का उत्पादन कर सकती है। कंपनी को ऑल इंडिया रबर इंडस्ट्रीज एसोसिएशन की ओर से एक्सपोर्ट मेरिट अवार्ड, स्पेशल डोमेस्टिक सेल्स अवार्ड और टॉप डोमेस्टिक सेल्स अवार्ड से सम्मानित किया गया है। कंपनी उत्पादन क्षमता बढ़ाने पर कार्य कर रही है और इस वर्ष दिसंबर तक कंपनी 5 से 6 करोड़ रुपए पूंजी निवेश से उत्पादन क्षमता को प्रतिवर्ष 600 किलोमीटर से अधिक कर लेगी। वर्तमान में कंपनी को कुल कारोबार का 15 फ़ीसदी डीलर डिस्ट्रीब्यूटर नेटवर्क से, 40 फ़ीसदी कॉर्पोरेट से, करीब 40 फ़ीसदी सरकारी टेंडर से और 5 फ़ीसदी एक्सपोर्ट से हासिल हो रहा है। कंपनी देश की सभी प्रमुख सरकारी कंपनियों के साथ टेंडर के लिए पंजीकृत है। कंपनी द्वारा वर्तमान में फर्टिलाइजर, पावर और इंफ्रास्ट्रक्चर व अन्य सेक्टर में प्रमुखता से रबर कन्वेयर बेल्ट की आपूर्ति की जा रही है। कंपनी द्वारा वर्तमान में 20 देशों में उत्पादों का निर्यात किया जा रहा है। जैन ने बताया कि आर्डर मिलते ही कंपनी रॉ- मटेरियल्स की बुकिंग करा देती है। इससे कंपनी को नेचुरल हेजिंग का फायदा मिलता है और रबड़ की कीमतें बढ़ने का प्रभाव भी नहीं पड़ता है। सरकार द्वारा मैन्युफैक्चरिंग इंडस्ट्रीज में प्रमुखता से ध्यान दिया जा रहा है, इससे बड़ी मात्रा में कन्वेयर बेल्ट की मांग उबर रही है।

**कंपनी का वित्तीय प्रदर्शन:** वित्त वर्ष 2020 में कंपनी ने 19.39 करोड़ रुपए का राजस्व एवं 93.81 लाख रुपए का कर पश्चात शुद्ध लाभ, वित्त वर्ष 2021 में कंपनी ने 23.19 करोड़ रुपए का राजस्व एवं 1.10 करोड़ रुपए का कर पश्चात शुद्ध लाभ और वित्त वर्ष 2022 में कंपनी ने 35.11 करोड़ रुपए का राजस्व एवं 3.05 करोड़ रुपए का कर पश्चात शुद्ध लाभ अर्जित किया है। वित्त वर्ष 2023 में 31 दिसंबर 2022 तक की अवधि में कंपनी ने 29.97 करोड़ रुपए का राजस्व एवं 2.15 करोड़ रुपए का कर पश्चात शुद्ध लाभ अर्जित किया है। उक्त अवधि तक कंपनी की कुल असेट करीब 29.56 करोड़ रुपए, नेटवर्थ 7.70 करोड़ रुपए और रिजर्व एंड सरप्लस 2.30 करोड़ रुपए अर्जित किया है। कंपनी पर करीब 16.69 करोड़ रुपए का कुल कर्ज है। इसमें से आधा करीब 8 करोड रुपए का कर्ज तो प्रवर्तक ने ही कंपनी को कर्ज पर दिया है और बाकी का वर्किंग लोन है। इस आधार पर कहा जा सकता है कि कंपनी पर कार्यभार ना के बराबर है। कंपनी पश्चात शुद्ध लाभ मार्जिन से आगे बढ़ रही है जोकि मैन्युफैक्चरिंग इंडस्ट्री में काफी अच्छा कहा जा सकता है।

**कंपनी के आईपीओ के संबंध में जानकारी:** कंपनी का आईपीओ एनएसई इमर्ज प्लेटफार्म पर 26 जून को खुलकर 30 जून 2023 को बंद होगा। कंपनी द्वारा 10 रुपए फेसवैल्यू के 2310000 शेयर बुक बिल्ट इश्यू प्रणाली से 65 से 70 रुपए प्रति शेयर के भाव पर जारी कर 16.17 करोड़ रुपए जुटाए जा रहे हैं। आईपीओ का लॉट साइज 2000 शेयरों का है। आईपीओ में 50 फ़ीसदी शेयर क्यों क्यूआईबी कैटेगरी के लिए, 15 फ़ीसदी एनआईआई कैटेगरी के लिए और 35 फ़ीसदी रिटेल केटेगरी के निवेशकों के लिए आरक्षित किए गए हैं। कंपनी के आईपीओ का प्रबंधन प्रमुख लीड मैनेजर कंपनी बीलाईन कैपिटल एडवाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है।

**नोटः कंपनी के आईपीओ में निवेश करने से पूर्व निवेशकों को निवेश सलाहकारों से सलाह लेनी चाहिए।**

### कंपनी प्रवर्तकों का अनुभव



आशीष जैन

कंपनी प्रवर्तक एवं प्रबंध निदेशक 49 वर्षीय आशीष जैन ने केमिकल इंजीनियरिंग में बैचलर डिग्री और फाइनेंस विषय में एमबीए की डिग्री हासिल की है। उन्हें रबड़ इंडस्ट्री में काम करने का 23 वर्षों से अधिक का अनुभव है। वें कंपनी के मुख्य नीतिगत निर्णय लेते हैं।




| | |
|---|---|
| IPO Date | Jun 26, 2023 to Jun 30, 2023 |
| Listing Date | [.] |
| Face Value | ₹10 per share |
| Price | ₹65 to ₹70 per share |
| Lot Size | 2000 Shares |
| Total Issue Size | 2,310,000 shares (aggregating up to ₹16.17 Cr) |
| Fresh Issue | 2,310,000 shares (aggregating up to ₹[.] Cr) |
| Issue Type | Book Built Issue IPO |
| Listing At | NSE SME |
| Market Maker portion | 116,000 shares Sunflower Broking |

**प्रबंधन के आदेश से सूचना**

बिजनेस रेमेडीज के सभी पृष्ठों पर प्रकाशित खबर से प्रभावित होकर किसी भी प्रकार का निवेश या अन्य किसी भी प्रकार का निर्णय नहीं लेवें। अगर कोई ऐसा करता है तो इसकी समस्त जिम्मेदारी निर्णय लेने वाले के स्वंय की होगी। किसी भी प्रकार के नुकसान के लिए बिजनेस रेमेडीज जिम्मेदार नहीं होगा।

**रेक्स पाइप्स एंड केबल्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड**
(CIN: L31300RJ2002PLC017714)
पंजीकृत कार्यालयः एफ-69ए, रीको औद्योगिक क्षेत्र, सीकर, राजस्थान-332001

**वार्षिक आम बैठक की सूचना**

एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि कंपनी के सदस्यों की 21 वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) एफ-69ए, रीको इंडस्ट्रियल एरिया, सीकर, राजस्थान-332001 पर एजीएम की सूचना में निर्धारित व्यवसाय के संचालन के लिए मंगलवार, 11 जुलाई 2023 को अपराह्न 01:00 बजे आयोजित की जाएगी। वार्षिक रिपोर्ट के साथ उक्त नोटिस सभी सदस्यों को उनके पंजीकृत ई-मेल आईडी पर इलेक्ट्रॉनिक रूप से भेजा गया है और यह कंपनी की वेबसाइट www.rpcil.com पर भी उपलब्ध है। बैठक में भाग लेने और मतदान करने का हकदार सदस्य स्वयं के स्थान पर भाग लेने और मतदान करने के लिए एक प्रॉक्सी नियुक्त करने का हकदार है और प्रॉक्सी को कंपनी का सदस्य होने की आवश्यकता नहीं है। प्रभावी होने के लिए, एजीएम शुरू होने से कम से कम 48 घंटे पहले विधिवत पूर्ण और हस्ताक्षरित प्रॉक्सी फॉर्म कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में जमा किया जाना चाहिए।

समय-समय पर संशोधित कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 20 के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 के प्रावधानों, लिस्टिंग विनियमों के विनियम 44 की अनुपालन में:

क. कंपनी अपने सदस्यों को उक्त एजीएम की सूचना में निर्धारित प्रस्तावों पर चुनाव के माध्यम से अपना वोट डालने के लिए रिमोट ई-वोटिंग सुविधा प्रदान कर रही है।
ख. रिमोट ई-वोटिंग शनिवार, 08 जुलाई 2023 को सुबह 10.00 बजे शुरू होगी और सोमवार, 10 जुलाई, 2023 को शाम 5.00 बजे समाप्त होगी।
ग. मतदान के लिए योग्य सदस्यों के निर्धारण की कट-ऑफ तारीख 3 जुलाई, 2023 है।
घ. कोई भी व्यक्ति , जो कंपनी के शेयरों का अधिग्रहण करता है और एजीएम की सूचना भेजने और शेयर रखने और कट-ऑफ तारीख यानी 3 जुलाई, 2023 के बाद कंपनी का सदस्य बन जाता है, वह evoting@nsdl.co.in या evoting@kfintech.com (आरटीए) पर एक अनुरोध करके लॉगिन आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है। तथापि, यदि व्यक्ति पहले से ही एनएसडीएल के साथ रिमोट ई-वोटिंग के लिए पंजीकृत हैं तो वोट डालने के लिए मौजूदा यूजर आईडी और पासवर्ड का उपयोग किया जा सकता है।

सदस्य ध्यान दें कि:
एनएसडीएल द्वारा वोटिंग के लिए उपरोक्त तिथि और समय के बाद रिमोट ई-वोटिंग मॉड्यूल को निष्क्रिय कर दिया जाएगा। एक बार सदस्य द्वारा संकल्पों पर वोट दे दिए जाने के बाद, सदस्य को बाद में इसे बदलने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
किसी भी प्रश्न के मामले में, आप www.evoting.nsdl.com के डाउनलोड सेक्शन में उपलब्ध शेयरधारकों के लिए अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों (एफएक्यू) और शेयरधारकों के लिए ई-वोटिंग यूजर मैनुअल का संदर्भ ले सकते हैं। सदस्य मोनिका बोहरा, कंपनी सचिव और अनुपालन अधिकारी को cs@rpcil.com पर भी लिख सकते हैं या 01572-245009, 245765, 6376913156 पर कॉल कर सकते हैं।

रेक्स पाइप्स एंड केबल्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड के लिए
कृते/-
मोनिका बोहरा
कंपनी सचिव

स्थान : सीकर
दिनांक: 19-06-2023

**FOR JUNE 20,2023**

| | | | TARGET 1 | TARGET 2 | TARGET 3 | TARGET 4 | TARGET 5 | TARGET 6 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| NIFTY SPOT | BUY ABOVE | 18788 | 18798 | 18808 | 18822 | 18831 | 18861 | 18893 |
| | SELL BELOW | 18723 | 18713 | 18703 | 18689 | 18680 | 18650 | 18618 |
| BANK NIFTY | BUY ABOVE | 43737 | 43769 | 43801 | 43846 | 43874 | 43968 | 44071 |
| | SELL BELOW | 43531 | 43499 | 43467 | 43421 | 43394 | 43300 | 43196 |

Data based on previous day closing

Source: VAISHALI KALA

## विशेष लेख

BR

## सम्पादकीय

### अंतरराष्ट्रीय मंचों पर विकासशील देशों की मौजूदगी बढ़ाने की भारत की पहल

भारत ने जी-20 की अध्यक्षता मिलने के बाद से इसके विस्तार को लेकर अहम पहल की है। पीएम मोदी ने जी-20 में अफ्रीकन यूनियन को शामिल करने का प्रस्ताव रखा है। इस पहल के कई मायने देखे जा रहे हैं। भारत पहले भी



पुनीत जैन

अंतरराष्ट्रीय मंच पर विकासशील देशों की आवाज को मजबूत बनाने की वकालत करता रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अफ्रीकन यूनियन को जी-20 की सदस्यता देने का प्रस्ताव करके एक बड़ी कूटनीतिक पहल की है। इस पहल को कई वजहों से अहम माना जा रहा है। जी-20 देशों की अगली शिखर बैठक सितंबर में नई दिल्ली में होने वाली है। भारत अभी इस समूह की अध्यक्षता कर रहा है। वह अंतरराष्ट्रीय मंचों पर विकासशील देशों की मौजूदगी बढ़ाने और उनके स्वर को मजबूती देने का पहले से ही पक्षधर रहा है। जी-20 समूह की अध्यक्षता की इस अवधि में भी उसकी खास तौर पर कोशिश रही कि इस समूह में विकासशील देशों का प्रतिनिधित्व बढ़ाकर इसे ज्यादा प्रासंगिक और उपयोगी बनाया जाए।

इसी क्रम में उसने साल की शुरुआत में वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ समिट की भी मेजबानी की, ताकि गरीब और विकासशील देशों से जुड़े मुद्दों को जी-20 के अजेंडा में शामिल किया जा सके। इस बैठक में ज्यादातर अफ्रीकी देश शामिल हुए और इन देशों की सदस्यता का मसला भी वहीं से जोर पकड़ा। गौर करने की बात है कि 54 अफ्रीकी देशों में से सिर्फ एक देश साउथ अफ्रीका इस ग्रुप का सदस्य है, जबकि यूरोप के पांच देशों के साथ ही यूरोपियन यूनियन को भी इसकी सदस्यता हासिल है। इन देशों की कुल आबादी 1.3 अरब से भी अधिक है।

जाहिर है, इतने बड़े जनसमूह को उसकी जरूरतों और उनसे जुड़े मुद्दों को अपने दायरे से बाहर रखना कोई समझदारी की बात नहीं होगी। हालांकि भारत की ओर से प्रस्ताव रख दिए जाने भर से सदस्यता का यह सवाल हल नहीं हो जाता। जी-20 समूह के विस्तार का कोई भी प्रस्ताव सर्वसम्मति से ही आगे बढ़ सकता है। ऐसे में भारत के इस प्रस्ताव पर भी बात तभी बनेगी, जब जी-20 के सभी देश इस पर सहमत होंगे। मौजूदा हालात में ऐसी सर्वसम्मति बनाना आसान नहीं होगा, लेकिन इसके बावजूद भारत की ओर से यह प्रस्ताव आना महत्वपूर्ण है। एक वजह तो यही है कि इससे कम से कम यह मुद्दा एजेंडे पर आ गया। दूसरा महत्वपूर्ण पहलू है संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता हासिल करने का भारत का लक्ष्य।

BR

## सूचना

**इस पृष्ठ पर प्रकाशित सभी विशेष लेख व्यक्तिगत सोच के आधार पर है।**

-संपादक

# हाई ब्लड प्रेशर को नहीं करें अनदेखा



ललित गर्ग

हाई ब्लड प्रेशर की समस्या आजकल एक कॉमन समस्या बन चुकी है। हाई ब्लड प्रेशर का ही दूसरा नाम हाइपरटेंशन या उच्चरक्त चाप है। इसे मेडिकल भाषा में हाइपरटेंशन कहा जाता है। नैशनल फैमिली हेल्थ सर्वे के मुताबिक, हर आठ भारतीयों में से एक हाइपरटेंशन की समस्या से जूझ रहा है, ये एक ऐसी परेशानी है जो व्यक्ति की जान तक ले सकती है। इसे साइलेंट किलर के तौर पर भी जाना जाता है।

हम अपने खानपान और दिनचर्या, सामान्य व्यायाम वगैरह का ध्यान रखें, तो उच्च रक्त चाप की समस्या पर खुद काबू पा सकते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'फिटनेस इंडिया अभियान' चलाया, जो स्वास्थ्य के मामले में बेहतर व्यक्ति, समाज एवं राष्ट्र के निर्माण की उम्मीद जगाता है और हाइपरटेंशन या उच्चरक्त चाप से निजात दिला सकता है। मोदी ने फिटनेस को स्वस्थ और समृद्ध जीवन की जरूरी शर्त बताया। हालांकि भारत की संस्कृति में स्वास्थ्य को ठीक रखने की प्रेरणा प्राचीन समय से दी जाती रही है। कहावत ही है कि पहला सुख निरोगी काया। पर जैसे-जैसे विकास और जीवन में सुख-सुविधाएं बढ़ती गई, लोग इसके महत्व को भूलते गए या फिर कुछ व्यस्तताओं के चलते अपेक्षित ध्यान नहीं दे पाते। भारत की उस प्राचीन परंपरा को मोदी ने जीवंतता देकर जीने को नया अंदाज दिया है, क्योंकि लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति सावधान करना आज बड़ी जरूरत बन गई है।

गलत खानपान के चलते व गलत आदतों के कारण हाइपरटेंशन की समस्या लोगों को होने लगती है। इस दिन को मनाने का उद्देश्य यह है कि लोगों को हाई ब्लड प्रेशर के खतरों के बारे में बताया जाए और इसे कंट्रोल करने व ठीक करने के तरीकों के बारे में जागरूक किया जाए। उच्च रक्त चाप से ग्रस्त संकट तब होता है जब रक्त चाप में अचानक वृद्धि होती है, संभावित रूप से अंग क्षति हो सकती है। उदाहरण के लिए, जब रक्त चाप बहुत अधिक हो जाता है तो किसी को दिल की विफलता, गुर्दे की विफलता या स्ट्रोक का खतरा होता है। उच्च रक्त चाप से ग्रस्त संकट के लक्षण सांस फूलना, सीने में दर्द, चेतना में परिवर्तन, बार-बार उल्टी, गंभीर सिरदर्द और आक्षेप हो सकते हैं।

हमारे शरीर में मौजूद रक्त नसों में लगातार दौड़ता रहता है और इसी रक्त के माध्यम से शरीर के सभी अंगों तक ऊर्जा और पोषण के लिए जरूरी ऑक्सीजन, ग्लूकोज, विटामिन्स, मिनरल्स आदि पहुंचते हैं। ब्लड प्रेशर उस दबाव को कहते हैं, जो रक्त प्रवाह की वजह से नसों की दीवारों पर पड़ता है। आमतौर पर यह ब्लड प्रेशर इस बात पर निर्भर करता है कि हृदय कितनी गति से रक्त को पंप कर रहा है और रक्त को नसों में प्रवाहित होने में कितने अवरोधों का सामना करना पड़ रहा है। हाइपरटेंशन एक ऐसी बीमारी है जिसमें धीरे-धीरे आपका हृदय, किडनी व शरीर के दूसरे अंग काम करना बंद कर सकते हैं। हाइपरटेंशन एक साइलेंट किलर है। हाइपरटेंशन कई कारणों से होता है, जिनमें से कुछ कारण शारीरिक और कुछ मानसिक होते हैं।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के एक हालिया अध्ययन से पता चलता है कि भारत में हर आठ में से एक व्यक्ति उच्च रक्त चाप से पीड़ित है। जिसका उद्देश्य उच्च रक्त चाप के बारे में जागरूकता पैदा करना और लोगों को जीवनशैली की बीमारी के खिलाफ निवारक उपाय करने के लिए प्रोत्साहित करना है।

हाई ब्लडप्रेशर या हाईपरटेंशन का खतरा महिलाओं से ज्यादा पुरुषों में होता है। इसके अलग-अलग कारण हो सकते हैं जैसे- फैमिली हिस्ट्री, तनाव, गलत खानपान और लाइफ स्टाइल आदि। लेकिन इससे बचने के लिए न केवल डाइट और लाइफ स्टाइल पर ध्यान देने की जरूरत है बल्कि तनाव को कम करना और शरीर को सक्रिय बनाए रखने के लिए एक्सरसाइज भी बेहद जरूरी है। आजकल 18 साल से 50 वर्ष के लोग हाइपरटेंशन के अधिक शिकार हैं। हालांकि साठ साल की उम्र से पहले पुरुषों में उच्च रक्त चाप का खतरा ज्यादा रहता है, पर बाद में स्त्री-पुरुष दोनों में ही खतरे की आशंका बराबर होती है। रोजमर्रा की जिंदगी में हमें तमाम तरह की मीठी-कड़वी बातों से दो-चार होना पड़ता है। ऐसे में गुस्सा आना स्वाभाविक है। लेकिन गुस्सा अगर लत का रूप ले लें तो इस पर विचार करना जरूरी है। बात-बात पर गुस्सा करने से हमारी सेहत पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। लेकिन जब यह भावना व्यवहार और आदत में बदल जाती है, तो आप के साथ-साथ दूसरों पर इसका गंभीर असर पड़ने लगता है। इसके लिए जरूरी यह है कि अपने गुस्से की सही वजह को पहचाना जाए और उन पर नियंत्रण रखा जाए। जिस व्यक्ति को गुस्सा ज्यादा आता है, उनमें ब्लडप्रेशर, हाइपरटेंशनए गंभीर रूप से पीठ में दर्द की शिकायत देखी गई है। इसके साथ ही ऐसे लोगों को पेट की शिकायत भी हो सकती है।

उच्च रक्त चाप ज्यादातर लोगों में इसका कोई बाहरी लक्षण और इसका प्रभाव देखने को नहीं मिलता। नियमित सिरदर्द, सांस की तकलीफ, चक्कर आना, त्वचा का फकना और प्रतिकूल स्थितियों में नाक बहना कुछ ऐसे मामूली लक्षण हैं, जिन पर आदतन ध्यान नहीं दिया जाता और ऐसे यह अनियंत्रित और अनुपचारित रह जाता है। उच्च रक्त चाप से पीड़ित आधे से अधिक व्यक्ति इससे अनजान हैं। यदि आपको हाई ब्लड प्रेशर की समस्या है, तो जाहिर है कि आप हर रोज हाई बीपी की दवा लेते होंगे। एक बार जब दवा लेना शुरू कर दी, तो जीवनभर इससे पीछा नहीं छूटता। हर रोज समय पर दवा लेना वास्तव में एक टेंशन है।

नियमित व्यायाम, योगासन, सकारात्मक सोच, संतुलित एवं सात्विक खानपाप आदि से शरीर में पैदा हुई रक्त प्रवाह के अनियमितता एवं अस्तव्यस्तता को आसानी से दुरूस्त किया जा सकता है। इसके अलावा जो भी लोग शराब या धूम्रपान करते हैं। उन सभी लोगों को इस तरह के नशीले पदार्थों से बचना चाहिए। उच्च रक्त चाप से बचने के लिए हरी सब्जियों व मौसमी फलों का सेवन करें। नमक व तैलीय खाद्य सामग्री का सेवन कम करें। अगर आपकी आयु 40 साल से अधिक है तो वर्ष में दो बार रक्त चाप चेक जरूर कराएं। दवा के साथ डाइट चार्ट पर अमल करें।

विचारों का हाइपरटेंशन या उच्चरक्त चाप पर बहुत गहरा प्रभाव होता है, अतः स्वस्थ जीवन एवं संतुलित रक्त चाप के लिए सकारात्मक विचारों का विकास जरूरी है। आज हर आदमी सुख की खोज में खड़ा है और उस थके हारे इंसान के लिये महान् दार्शनिक आचार्य महाप्रज्ञ कहते हैं कि आदमी शरीर को ज्यादा संभालता है, मन को कम। समझदार आदमी इसका उल्टा करेगा। वह शरीर पर अगर तीस प्रतिशत ध्यान देगा तो मन पर सत्तर प्रतिशत। आखिर शरीर का संचालक मन ही तो है। अगर वह स्वस्थ नहीं तो शरीर कैसे स्वस्थ रहेगा? इसलिये मन की शुद्धि एवं स्वस्थता जरूरी है। हमें विचारों की स्वस्थता और संतुलन पर भी विशेष ध्यान देना होगा। आज 'फेथ-हीलिंग' की चर्चा ज्यादा है, जिसे आस्था और भावना द्वारा चिकित्सा का ही एक रूप कह सकते हैं। भौतिक चिकित्सा का उपयोग करते हुए भी हमें इस आध्यात्मिक चिकित्सा का प्रयोग करना चाहिए।

## प्रोपर्टी । अर्थव्यवस्था।

# भूजल दोहन कानून की जानकारी के लिये आयोजित होगा जागरूकता शिविर

**बिजनेस रेमेडीज/जोधपुर।** लघु उद्योग भारती जोधपुर प्रान्त अध्यक्ष महावीर चौपड़ा ने बताया कि लघु उद्योग भारती व केन्द्रीय भूजल बोर्ड जोधपुर के अधिकारियों के साथ जोधपुर में आयोजित होने वाले एक दिवसीय नवीनीकरण आवेदनों के प्रसंस्करण हेतु जागरूकता एवं संवेदीकरण शिविर की तैयारियों को लेकर महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन लघु उद्योग भारती भवन में किया गया।

लघु उद्योग भारती के अखिल भारतीय महामंत्री घनश्याम ओझा ने बताया कि टेक्सटाईल उद्यमियों



को केन्द्रीय भूजल बोर्ड से आ रही समस्याओं के निराकरण के लिये उद्यमियों के नवीनीकरण आवेदनों के आवेदन/प्रसंस्करण में आने वाली समस्याओं को हल करने के लिये एवं भूजल दोहन कानून व नियमों की जानकारी देने के लिये एकदिवसीय जागरूकता एवं संवेदीकरण शिविर का आयोजन 24 जून 2023 को प्रात 11:00 बजे से लघु उद्योग भारती भवन सभागार में किया जा रहा है। इस शिविर में जोधपुर, बालोतरा पाली व अन्य जिलों के टेक्सटाईल उद्यमी भाग लेंगे।

बैठक में केन्द्रीय भूजल बोर्ड के एस.के.मीणा, लघु उद्योग भारती के अखिल भारतीय महामंत्री घनश्याम ओझा, प्रान्त कोषाध्यक्ष दीपक माथुर, प्रान्त संयुक्त महासचिव सुरेशकुमार विश्नोई, पवन लोहिया, जयन्तिलाल उपस्थित रहे।


## सदस्यता कूपन



(केवल डाक या ई-मेल से प्राप्त करने के लिए)

| अवधि | अंक | सदस्यता शुल्क |
|---|---|---|
| 1 वर्ष | 307 | 850 |

E-mail remediesbusiness@gmail.com

नामः .....

पताः .....

.....पिनकोड.....

फोनः..... मो. .....

ड्राफ्ट/चैक का विवरणः .....

ई-मेलः .....

बिजनेस रेमेडीज प्राप्त करने के लिए सदस्यता शुल्क बैंक अकाउंट में जमा कराये या सदस्यता फार्म भरकर चैक/डीडी के साथ कार्यालय पर भिजवायें।

Bank Account:- Business Remedies

A/c No. 61233949765 Bank Name: SBI

पताः- 63/118, हीरा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020

फोनः- 9166611333, 9929106227

#साधारण डाक द्वारा बिजनेस रेमेडीज की डिलीवरी में अनियमितता होने पर बिजनेस रेमेडीज प्रबंधन जिम्मेदार नहीं होगा।

कोरियर सुविधा

कोरियर के द्वारा बिजनेस रेमेडीज मंगवाने पर अतिरिक्त शुल्क लगेगा।

जयपुर एवं राजस्थान के अन्य शहरों में बिजनेस रेमेडीज अपने हॉकर से मांगे या सम्पर्क करें

जयपुर सिटी

| क्रम. | सेन्टर | नाम | फोन |
|---|---|---|---|
| 1 | शास्त्री नगर | गोपाल शर्मा | 9414788145 |
| 2 | वी.के.आई | महेश शर्मा | 9782744428 |
| 3 | झोटवाड़ा | प्रदीप शर्मा | 9929795261 |
| 4 | सरना डूंगर | सुरेन्द्र सिंह तोमर | 8562829290 |
| 5 | लिंक रोड | सुभाष शर्मा | 9950761723 |
| 6 | लिंक रोड | मनोज अग्रवाल | 9784254349 |
| 7 | केसरगढ़ | श्यामबाबू शर्मा | 9782930413 |
| 8 | सोडाला | श्यामसुंदर अग्रवाल | 9252020497 |
| 9 | टैगोर नगर | उम्मेद सिंह चौहान | 9829926088 |
| 10 | मानसरोवर | मुकेश बिहारी शर्मा | 9828247895 |
| 11 | गोपालपुरा मोड़ | विजयशंकर अग्रवाल | 9214538212 |
| 12 | मालवीय नगर | वाहिद खान | 9929294516 |
| 13 | सांगानेर | सीताराम चौधरी | 8058116502 |
| 14 | जगतपुरा | प्रदीप सिंह चौहान | 9214021525 |
| 15 | जैतपुरा | जितेन्द्र सैन | 9828599264 |
| 16 | कालाडेरा | शंकरलाल जी | 9828599263 |
| 17 | बगरू | नवरत्न चौधरी | 9928877107 |

राजस्थान

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | जोधपुर | सुरेन्द्र जोशी | 9983490645 |
| 2 | उदयपुर | मांगीलाल पुरोहित | 9024311494 |
| 3 | फतहनगर | लोकचंद बंजारा | 9414620694 |
| 4 | बालोतरा | हितेश वैष्णव | 9982355640 |
| 5 | पाली | महेन्द्र प्रकाश गोयल | 7742427942 |
| 6 | बीकानेर | जेठमल छाजेड़ | 8739999599 |
| 7 | श्रीगंगानगर | प्रदीप थरेजा | 9414094108 |
| 8 | श्रीगंगानगर | सुशील जी (इंण्डस्ट्रीयल एरिया) | 9352707195 |
| 9 | अलवर | रामकिशन जी | 9414261485 |
| 10 | किशनगढ़ | मूलचंद सोलंकी | 9269509473 |
| 11 | सोजत सिटी | सुरेश माली | 9461715177 |
| 12 | मेडता सिटी | निलेश जैन | 9829897681 |
| 13 | फालना | सुशील गोयल | 9829724754 |
| 14 | कोटा | सुरेन्द्र जैन | 9950674346 |
| 15 | अजमेर | सुरेशचंद शर्मा | 9571611211 |
| 16 | केकड़ी | किशन सागर | 9928707194 |
| 17 | सीकर | राजेश प्रधान | 9351135431 |
| 18 | राजसमंद | सुनील जी | 9214604062 |
| 19 | भीलवाड़ा | सुनील कुमार जैन | 9251465499 |
| 20 | सुमेरपुर | श्री महादेव न्यूज एजेंसी | 9928608845 |
| 21 | अलवर | घनश्याम दास हरिराम | 9414261485 |
| 22 | बांसवाड़ा | गोंथी पेपर एजेंसी | 9414101840 |



## बिजनेस रेमेडीज में विज्ञापन एवं खबरों हेतु संपर्क करें



| जिला | प्रतिनिधि | फोन |
|---|---|---|
| भीलवाड़ा | सुनील कुमार जैन | 9251465499 |
| जोधपुर | सुरेन्द्र जोशी | 9983490645 |
| उदयपुर | दिनेश गोठवाल | 9829297360 |
| बालोतरा | हितेश वैष्णव | 9982355640 |
| पाली | के.के. सिंघल | 9079812324 |
| बीकानेर | जेठमल छाजेड | 8739999599 |
| श्रीगंगानगर | प्रदीप थरेजा | 9414094108 |
| अलवर | रामकिशन | 9414261485 |
| किशनगढ़ | मूलचंद सोलंकी | 9269509473 |
| मेडता सिटी | निलेश जैन | 9829897681 |
| अलवर | मोहित अग्रवाल | 9414261485 |
| सीकर | अनिल कुमार सोनी | 9530165963 |
| केकड़ी | किशन सागर | 9928707194 |

बिजनेस रेमेडीज

पताः- 63/118, हीरा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020

फोनः- 0141- 2785686, 9929106227




॥ रामायण ॥

रचनाकार : डॉ. कैलाश पंवार 'सरल'

अंक-221

किष्किन्धा काण्ड

मैं आत्मा हूँ... राम भक्तों की आत्मा

स्वयंप्रभा तपस्विन से कपिगणों का परिचय

ऐसे ही खोजते-खोजते एक स्वयंप्रभा नामक तपस्विन के यहाँ पहुँच जाते हैं और उन्हें सारा वृतान्त सुना देते हैं। भूखे प्यासे वानरों ने कुछ समय आराम कर वहाँ जलपान किया इसी के मध्य स्वयंप्रभा अपनी सखी "हेमा" का और भगवान शिव द्वारा दिये गये भवन का वृतान्त सुनाती है। रामकाज से आने वाले सभी कपीगणों की वजह से अपना जन्म सफल मानती हैं एवं कपिगणों के सफल होने की कामना करती है।

'स्वयंप्रभा' थी एक तपस्विन। उपवन में स्वर्णिम गृह-वासिन॥
स्वर्ण-सदन बिच पावन स्थाना। बैठ तपस्विन करती ध्याना॥
वानर सब मिल किया प्रणामा। प्रीत सभीत बताये कामा॥
काम सिया का अनुसंधाना। सब वृत्तान्त कहे हनुमाना॥

कहे योगिनी जप भगवाना। फल खाकर कीजे जलपाना॥
निज इच्छा वानर फल खाये। कर जल-पान लगे मुस्काये॥
स्वयंप्रभा बोली निज बाता। 'हेम'-'विश्वकर्मा' की गाथा॥
सुता-विश्वकर्मा की प्यारी। हेमा नामक सखी हमारी॥

दिव्य भवन यह एक पहेली। अति प्रगाढ़ मम हेम सहेली॥
शिव प्रसन्न हो किया प्रदाना। हेमा को यह उपवन, स्थाना॥
हेमा छोड़ गयी यह लोका। जाते मुझे यहाँ पर रोका॥
यहाँ न कोई उठी समस्या। मन इच्छा से करूँ तपस्या॥

जन्म सफल अब मैंने माना। राम काज से सबका आना॥
यज्ञ शक्ति से दीन्ह अशीशा। सफल काम में सकल कपीशा॥
हर्षित कपि सब बाहर आवा। सिया खोज का काम बढ़ावा॥
लगे खोजने चारों ओरा। पथ उपवन सर शैल कठोरा॥

**स्वयंप्रभा तब चल पड़ी, गयी जहाँ रघुनाथ।**
**पुलकित तन गदगद हुई, पुनि-पुनि नाये माथ॥ 33 ॥**

कहे तपस्या का फल माना। देखे नयनों से भगवाना॥
स्तुति पुनि-पुनि प्रभु की कीन्ही। राम भक्ति मन में धर लीन्ही॥
बोली मम इच्छा भगवन्ता। जन्म-जन्म श्रीराम रटन्ता॥
कुछ भी और नहीं करुणाकर। चाह नहीं कोई दूजा वर॥

अगले अंक के लिए पढ़े बिजनेस रेमेडीज : शनिवार दिनांक 24-06-23

रचनाकार सम्पर्क : 9982233110

# विदेशी बाजारों में तेजी से तेल-तिलहन कीमतों में सुधार

**बिज़नेस रेमेडीज/नई दिल्ली**

विदेशों में खाद्य तेल कीमतों के दाम में आये सुधार के बाद दिल्ली तेल-तिलहन बाजार में लगभग सभी तेल-तिलहनों की कीमतें पिछले सप्ताहांत के मुकाबले लाभ के साथ बंद हुई।

बाजार के जानकार सूत्रों ने कहा कि विदेशों में सूरजमुखी तेल का जो दाम पहले 880 डॉलर प्रति टन था वह अब बढ़कर 980 डॉलर प्रति टन हो गया है। जबकि सोयाबीन तेल का दाम पहले के लगभग 1,025 डॉलर प्रति टन से बढ़कर 1,100 डॉलर प्रति टन हो गया है। इस तेजी का कारण इन खाद्य तेलों के नीचे भाव होने से वैश्विक लिवाली में आई तेजी और अमेरिका में मौसम का शुष्क होना है। सूत्रों ने बताया कि आयातित तेलों के मुकाबले सरसों में सामान्य वृद्धि हुई, क्योंकि मंडियों में सरसों अब भी न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से काफी नीचे बिक रहा है। सरकार को देश में देशी तेल-तिलहनों का बाजार बनाने की ओर पर्याप्त ध्यान देना होगा। इससे तिलहन किसानों को अपने तिलहन उत्पाद खपने का भरोसा बढ़ेगा और दाम अच्छा मिलने से वे इसका उत्पादन बढ़ाने को प्रेरित होंगे। सरसों के विकल्प में बारे में सोचना मुश्किल है और इसका उत्पादन भारत में ही होता है। इसकी जगह और कोई खाद्य तेल-तिलहन नहीं ले सकता क्योंकि लोग सरसों के स्थान पर किसी अन्य तेल का इस्तेमाल नहीं कर सकते।

सूत्रों ने कहा कि उपभोक्ताओं को सस्ता खाद्य तेल सुलभ कराने के मकसद से लगभग डेढ़ साल पहले उत्तर प्रदेश में खाद्य तेल प्रसंस्करण मिलों से निविदा मंगवाकर राशन की दुकानों के जरिये इनके वितरण का प्रयोग काफी सफल रहा था। इस दिशा में आगे और प्रयास करने की आवश्यकता है। सूत्रों ने कहा कि पिछले वर्ष सरसों इसलिए खप गया क्योंकि इसका दाम आयातित सूरजमुखी तेल से 40 रुपये किलो नीचे था। इस कारण 30-35 लाख टन सरसों का रिफाइंड भी बना था और सस्ता होने के कारण इसकी खपत काफी बढ़ी थी। वैसे सामान्य तौर पर हमारे देश



में साल में 55-60 लाख टन सरसों की खपत होती है। लेकिन इस बार आयातित सूरजमुखी तेल के साथ-साथ आयातित सोयाबीन तेल इतनी सस्ता है कि ऊंची लागत वाली सरसों मंडियों में नहीं खप पा रहे हैं।

सूत्रों ने कहा कि पिछले साल साल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन (एसईए) ने सरसों के डी-आयल्ड केक (डीओसी) के निर्यात के आंकड़े जारी किये थे। लेकिन इस बार मई में कितना डीओसी निर्यात हुआ इसके आंकड़े नहीं जारी किये गये हैं जिससे पता लगेगा कि देश की मंडियों में सरसों के खपने की क्या स्थिति है। वैसे देखा जाये तो एसईए की जगह सरसों से सीधा संबंध रखने वाले तेल संगठन- 'मोपा' को ये आंकड़े देने चाहिये थे। विदेशी बाजारों में सोयाबीन तेल के साथ-साथ इसके डीओसी के दाम मजबूत हुए हैं।

इसके साथ देश में किसान नीचे भाव में बिकवाली नहीं कर रहे हैं जो सोयाबीन तेल-तिलहन कीमतों में सुधार का मुख्य कारण है। सूत्रों ने कहा कि निर्यात की अच्छी मांग के कारण मूंगफली तेल-तिलहन कीमतों में भी पिछले सप्ताहांत के मुकाबले समीक्षाधीन सप्ताहांत में सुधार है। उन्होंने कहा कि बिनौला की आवक घटने से बिनौला तेल कीमतों में भी सुधार आया। बिनौला की आवक पिछले महीने (मई) के लगभग डेढ़ लाख गांठ के मुकाबले अब लगभग 30-32 हजार गांठ रह गई है। हरियाणा, पंजाब, राजस्थान में इसकी आवक नगण्य रह गई है। विदेशों में सस्ते आयातित तेलों के दाम पहले के मुकाबले बढ़ने के कारण कच्चे पामतेल (सीपीओ), पामोलीन, सूरजमुखी, सोयाबीन तेलों के दाम में भी सुधार है। सूत्रों के अनुसार पिछले सप्ताहांत के मुकाबले बीते सप्ताह सरसों दाने का थोक भाव 105 रुपये के लाभ के साथ 4,845-4,945 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताहांत में सरसों दादरी तेल 260 रुपये सुधरकर 9,450 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों पक्की और कच्ची घानी तेल का भाव भी 35-35 रुपये सुधरकर क्रमशः 1,605-1,685 रुपये और 1,605-1,715 रुपये टिन (15 किलो) पर बंद हुआ।

सूत्रों ने कहा कि समीक्षाधीन सप्ताह में सोयाबीन दाने और सोयाबीन लूज का भाव क्रमशः 140-140 रुपये सुधरकर क्रमशः 5,240-5,305 रुपये और 5,005-5,080 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताहांत में सोयाबीन दिल्ली, सोयाबीन इंदौर और सोयाबीन डीगम तेल के भाव भी क्रमशः 650 रुपये, 750 रुपये और 450 रुपये सुधरकर क्रमशः 10,300 रुपये, 10,000 रुपये और 8,550 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुए। खाद्य तेल कीमतों में मजबूती के रुख के अनुरूप समीक्षाधीन सप्ताह में मूंगफली तिलहन, मूंगफली गुजरात और मूंगफली साल्वेंट रिफाइंड के भाव क्रमशः 400 रुपये, 950 रुपये और 140 रुपये बढ़कर क्रमश 6,625-6,685 रुपये,16,550 रुपये और 2,470-2,745 रुपये प्रति टिन पर बंद हुए। मलेशिया में तेल कीमतों में सुधार आने के बाद समीक्षाधीन सप्ताह में कच्चे पाम तेल का भाव 450 रुपये बढ़कर 8,450 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। पामोलीन दिल्ली का भाव 250 रुपये बढ़कर 9,500 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। पामोलीन एक्स कांडला का भाव 300 रुपये लाभ के साथ 8,650 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सुधार के आम रुख और मंडियों में आवक रहने के कारण देशी बिनौला तेल समीक्षाधीन सप्ताह में 1,050 रु. का लाभ दर्शाता 9,100 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ।

BUSINESS

## न्यूज ब्रीफ

### संरा कृषि विकास कोष ने मोटे अनाज को बढ़ावा देने, गेहूं निर्यात करने हेतु भारत की सराहना की

**बिज़नेस रेमेडीज/नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र कृषि विकास कोष ने मोटे अनाज को बढ़ावा देने और 18 देशों को 18 लाख टन गेहूं निर्यात करने के लिए भारत की सराहना की है। इन 18 देशों को पिछले साल यूक्रेन में युद्ध के बाद खाद्यान्न की भारी कमी से जूझना पड़ा था। अंतरराष्ट्रीय कृषि विकास कोष (आईएफएडी) के अध्यक्ष अलवारो लारियो ने कहा कि भारत की जी20 अध्यक्षता में वैश्विक खाद्य प्रणालियों को बदलने की क्षमता है। उन्होंने कहा कि भारत द्वारा जिन कुछ क्षेत्रों पर ध्यान दिया जा रहा है वह संयुक्त राष्ट्र निकाय की प्राथमिकताओं के अनुरूप हैं। लारियो ने कहा कि भारत की विशेषज्ञता 'वैश्विक दक्षिण' में दूसरे देशों के कृषि और ग्रामीण विकास में मदद कर सकती है। उन्होंने कहा कि यूक्रेन में युद्ध के मद्देनजर पिछले साल गेहूं की भारी कमी का सामना कर रहे 18 देशों को 18 लाख टन गेहूं का निर्यात करने के लिए हम भारत की सराहना करते हैं। वह जी20 के कृषि मंत्रियों की बैठक में भाग लेने भारत आए थे।

### मॉनसून की देरी से बोआई को मिल सकती है मदद

**बिज़नेस रेमेडीज/नई दिल्ली।** देश के ज्यादातर हिस्सों में मॉनसून के देरी और धीमे आगे बढ़ने के कारण खरीफ फसल की बोआई आशा के अनुरूप शुरू नहीं हुई है। शुरुआती दिनों में यह आशंका बढ़ गई कि कई फसलों की बोआई में देरी हो सकती है। यदि इसकी बुआई के आदर्श समय में देरी हो गई तो फसल पर प्रतिकूल असर भी पड़ सकता है। गन्ने को छोड़कर अन्य प्रमुख खरीफ फसलों की बोआई करीब 49.3 लाख हेक्टेयर रही। यह बीते साल की तुलना में मामूली रूप से अधिक है। इसका कारण यह है कि बाजरे के रकबे में बढ़ोतरी हुई है। दक्षिण पश्चिम मॉनसून 1 से 16 जून तक सामान्य से करीब 47 फीसदी कम रहा है। हालांकि 20 जून के बाद मॉनसून के फिर सक्रिय होने का अनुमान है। वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार भारत के पश्चिमी तट पर मौसम की सक्रिय स्थितियों के कारण बंगाल की खाड़ी और मध्य भारत में मॉनसून सक्रिय हो सकता है। इससे खरीफ की बोआई को बल मिल सकता है।

# लुवास में वर्चुअल रियलिटी एक्सपीरियंस सेंटर का उद्घाटन

**बिज़नेस रेमेडीज/ हिसार, (हि.स.)।**

आईसीएआर नई दिल्ली ने राष्ट्रीय कृषि उच्च शिक्षा परियोजना, (घटक 2) आईएएसआरआई, के तहत डिजिटल परिवर्तन और प्रणाली की वर्तमान क्षमताओं को बढाते हुए देश में राष्ट्रीय कृषि शिक्षा प्रणाली को मजबूत करने की एक नई रोमांचक शुरुआत शुरू की है। इसी दिशा में लुवास कुलपति ने सोमवार को मानव संसाधन प्रबंधन निदेशालय में एआर/वीआर अनुभव केंद्र का उद्घाटन किया।

उद्घाटन अवसर पर कुलपति प्रो. (डॉ.) विनोद कुमार वर्मा ने कहा कि आभासी वास्तविकता (वर्चुअल रियलिटी) और संवर्धित वास्तविकता (ऑगमेंटेड रियलिटी) के माध्यम से पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान के विभिन्न पहलुओं को रोचक तरीके से सीखा जा सकता है तथा नैदानिक/पशु चिकित्सकीय और शैक्षिक लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए इन अत्याधुनिक तकनीकों का उपयोग मौजूदा तरीकों के साथ किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय में वर्चुअल रियलिटी एक्सपीरियंस सेंटर छात्रों और प्राध्यापकों के लिए अनुभवात्मक शिक्षा प्रक्रिया को मजबूत करने में मदद करेगा। मानव संसाधन प्रबंधन निदेशालय के निदेशक डॉ. एसएस ढाका ने कहा कि आभासी वास्तविकता और संवर्धित वास्तविकता, पशु चिकित्सा के क्षेत्र में नए एवं तेजी से बढती हुई तकनीक है। ये तकनीकें, उपयोगकर्ता को एक नवीन अनुभव प्रदान करती हैं और विषय की बेहतर समझ और संबंधित क्षेत्रों में रचनात्मकता सुधार के लिए सहायक हो सकती हैं।एआर/वीआर एक्सपीरियंस सेंटर के टेक्निकल रिसोर्स पर्सन वैज्ञानिक डॉ. योगेश बांगर ने वर्चुअल रियलिटी तकनीक के बारे में कहा कि हमें आईसीएआर से छह वर्चुअल रियलिटी किट प्राप्त हुए हैं।

# इन गर्मियों में 229 गीगावॉट तक नहीं पहुंच पाएगी अधिकतम बिजली की मांग

**बिज़नेस रेमेडीज/नई दिल्ली**

बिजली की अधिकतम मांग इन गर्मियों में संभवतः 229 गीगावॉट पर नहीं पहुंच पाएगी। उद्योग विशेषज्ञों का कहना है कि बेमौसम बरसात और बिपारजॉय चक्रवात के आगे पड़ने वाले प्रभावों की वजह से बिजली की मांग के इस स्तर पर पहुंचने की संभावना नहीं है। उद्योग विशेषज्ञों ने कहा कि बेमौसम बारिश ने मांग को प्रभावित किया है और गर्मियों के दौरान तापमान में गिरावट आई है। इसके चलते एयर कंडीशनर जैसे ठंडक प्रदान करने वाले उपकरणों का इस्तेमाल कम हुआ है।

केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) का अनुमान है कि इन गर्मियों में बिजली की अधिकतम मांग 229 गीगावॉट पर पहुंच जाएगी। विशेषज्ञों का कहना है कि बेमौसम बारिश और चक्रवात के प्रभाव के कारण बिजली मांग के इस स्तर पर पहुंचने की उम्मीद नहीं है। केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण ने अप्रैल-जून के दौरान बिजली की अधिकतम मांग 229 गीगावॉट पर पहुंचने का अनुमान जताया है। विशेषज्ञों का कहना है कि जुलाई तक पूरे देश में मानसून सक्रिय हो जाएगा और मौसमी बारिश के कारण फिर से बिजली की मांग में कमी आएगी। अभी तक अधिकतम बिजली की मांग (एक दिन में आपूर्ति की गई बिजली) नौ जून, 2023 को 223.23 गीगावॉट के सर्वकालिक रिकॉर्ड उच्चस्तर पर पहुंची थी। इसके बाद 10 जून को यह घटकर 219.30 गीगावॉट और 11 जून को 206.66 गीगावॉट पर आ गई। एक दिन में अधिकतम आपूर्ति 12 जून को फिर बढ़कर 218.67 गीगावॉट हो गई लेकिन 13 जून को यह घटकर 215.35 गीगावॉट और 14 जून को 214.58 गीगावॉट रह गई। 15 जून को अधिकतम बिजली की मांग 210.90 गीगावॉट थी। हालांकि, बिजली मंत्रालय देश में किसी भी तरह की बिजली की कमी से बचने के लिए कदम उठा रहा है।

# मूफार्म ने राजस्थान के दूदू में अपने मवेशी डेयरी फार्म का उद्घाटन किया

**बिज़नेस रेमेडीज/दूदू**

डेयरी कंपनी, मूफार्म ने राजस्थान के दूदू में अपने मवेशी डेयरी फार्म का उद्घाटन 19 जून को किया।

इस सुविधा का उद्देश्यउच्च गुणवत्ता वाले मवेशियों के लिए वन स्टॉप शॉप और आसपास के क्षेत्रों में किसानों के लिए प्रीमियम फ़ीड के रूप में काम करना है। मवेशियोंको खरीदते समय किसानों को अक्सर चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, क्योंकि वे असंगठित बाजारों और अक्सर स्थानीय दलालों तक सीमित रहजाते हैं। चेहरे की पहचान के साथ संयुक्त मूफार्म की मवेशी निरीक्षण तकनीक, किसानों को सुनिश्चित और सत्यापित उच्च उपज वाले मवेशियों कोखरीदने की सुविधा देती है। दूदू फार्म का उद्देश्य किसानों को उसी मॉडल का पालन करते हुए उच्च उपज वाले मवेशियों को मुहैया कराने का है। पदमश्री अवार्डी लक्ष्मण सिंह समेत क्षेत्र के अन्य वरिष्ठ अधिकारीयों ने इस कार्यस्त्रम की शोभा बढ़ाई।



नई सुविधा में अभिनव प्रणालियों का उपयोग भी शामिल है जो खेत को मवेशियों के स्वास्थ्य, दूध, फ़ीड सेवन और वेंटिलेशन और प्रकाश व्यवस्थासहित अन्य कारकों की निगरानी करके जानवरों के लिए इष्टतम परिस्थितियों को बनाए रखने में सक्षम बनाता है, ताकि उनके समग्र कल्याण कोबढ़ाया जा सके। हम राजस्थान के दूदू में अपना नया मवेशी डेयरी फार्म खोलने के लिए रोमांचित हैं, परम सिंह, संस्थापक और सीईओ, मूफार्मने कहा। यह सुविधा हमारे मवेशियों की भलाई सुनिश्चित करते हुए एक उच्च गुणवत्ता वाले डेयरी पारिस्थितिकी तंत्र बनाने की हमारी प्रतिबद्धता काप्रतिनिधित्व करती है। हम स्थानीय अर्थव्यवस्था में योगदान करने और समुदाय के लिए रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए भी उत्साहित हैं। हमारामानना है कि उच्च उपज वाले मवेशी और प्रीमियम फ़ीड से बेहतर डेयरी फार्मिंग हो सकती है और किसान लाभप्रदता बढ़ सकती है।

मवेशियों को शामिल करने के अलावा, मूफार्म किसानों को भौतिक और ई-सलाहकार सेवाओं, वित्तीय लिंकेज और प्रीमियम गुणवत्ता वाले फ़ीडअथवा योग्य पशु चिकित्सकों के साथ जोड़ता है, जिससे किसान के लिए एक समग्र 'डेयरी ऐज़ ए सर्विस' अनुभव को सक्षम किया जा सकता है।राजस्थान के दूदू में मूफार्म के मवेशी डेयरी फार्म का उद्घाटन कंपनी और स्थानीय समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। उत्कृष्टता, स्थिरता और पशु कल्याण के लिए अपनी अटूट प्रतिबद्धता के साथ, मूफार्म, डेयरी उद्योग में एक मार्ग दर्शक बनने के लिए तैयार है।

## एमसीएक्स के वायदा के भाव की घटबढ़

MCX METAL & ENERGY Trade with Trust

| एमसीएक्स कांट्रैक्ट | समाप्ति तिथी | भाव की इकाई | खूला (रू.) | ऊंचा (रू.) | नीचा (रू.) | बंद (रू.) | घटबढ़ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बुलडेक्स | 26-06-23 | 1 यूनिट | 16034 | 16077 | 16011 | 16017 | -53 |
| बुलडेक्स | 26-07-23 | 1 यूनिट | 16104 | 16104 | 16026 | 16031 | -40 |
| गोल्ड-गिनी | 30-06-23 | 8 ग्राम | 47850 | 47944 | 47810 | 47823 | -58 |
| गोल्ड-गिनी | 31-07-23 | 8 ग्राम | 48049 | 48088 | 47861 | 47893 | -90 |
| गोल्ड-गिनी | 31-08-23 | 8 ग्राम | 48339 | 48339 | 47966 | 48052 | -176 |
| गोल्ड-पेटल | 30-06-23 | 1 ग्राम | 5922 | 5934 | 5906 | 5911 | -16 |
| गोल्ड-पेटल | 31-07-23 | 1 ग्राम | 5958 | 5963 | 5938 | 5939 | -17 |
| गोल्ड-पेटल | 31-08-23 | 1 ग्राम | 5961 | 5986 | 5957 | 5961 | -16 |
| गोल्ड-पेटल | 29-09-23 | 1 ग्राम | 6007 | 6007 | 5975 | 5999 | 3 |
| सोना | 04-08-23 | 10 ग्राम | 59272 | 59370 | 59135 | 59154 | -200 |
| सोना | 05-10-23 | 10 ग्राम | 59586 | 59678 | 59442 | 59469 | -148 |
| सोना-मिनी | 05-07-23 | 10 ग्राम | 59126 | 59260 | 59032 | 59067 | -182 |
| सोना-मिनी | 04-08-23 | 10 ग्राम | 59304 | 59428 | 59207 | 59229 | -176 |
| सोना-मिनी | 05-09-23 | 10 ग्राम | 59250 | 59524 | 59250 | 59328 | -173 |
| चांदी | 05-07-23 | 1 किलो | 72540 | 72977 | 72355 | 72450 | -238 |
| चांदी | 05-09-23 | 1 किलो | 73771 | 74120 | 73512 | 73573 | -253 |
| चांदी | 05-12-23 | 1 किलो | 75335 | 75499 | 75065 | 75168 | -32 |
| चांदी-माईक्रो | 30-06-23 | 1 किलो | 72659 | 72894 | 72375 | 72432 | -194 |
| चांदी-माईक्रो | 31-08-23 | 1 किलो | 73830 | 74150 | 73610 | 73664 | -190 |
| चांदी-माईक्रो | 30-11-23 | 1 किलो | 75201 | 75673 | 75186 | 75216 | -130 |
| चांदी-माईक्रो | 29-02-24 | 1 किलो | 76510 | 76850 | 76434 | 76519 | -48 |
| चांदी-मिनी | 30-06-23 | 1 किलो | 72599 | 72915 | 72367 | 72441 | -200 |
| चांदी-मिनी | 31-08-23 | 1 किलो | 73869 | 74171 | 73608 | 73655 | -214 |
| चांदी-मिनी | 30-11-23 | 1 किलो | 75324 | 75667 | 75177 | 75206 | -181 |
| चांदी-मिनी | 29-02-24 | 1 किलो | 76609 | 76906 | 76527 | 76661 | 11 |
| एल्युमीनियम-मिनी | 30-06-23 | 1 किलो | 205.2 | 205.25 | 203.7 | 203.9 | -1.8 |
| एल्युमीनियम-मिनी | 31-07-23 | 1 किलो | 206.3 | 206.35 | 204.3 | 204.6 | -2.4 |
| एल्युमीनियम | 30-06-23 | 1 किलो | 205.05 | 205.05 | 203.2 | 203.6 | -1.9 |
| एल्युमीनियम | 31-07-23 | 1 किलो | 206 | 206.3 | 204 | 204.3 | -2.5 |
| जस्ता | 30-06-23 | 1 किलो | 220.95 | 221.2 | 219.25 | 219.7 | -2.2 |
| जस्ता | 31-07-23 | 1 किलो | 221.1 | 221.7 | 219.1 | 220 | -1.9 |
| जस्ता-मिनी | 30-06-23 | 1 किलो | 221 | 221.3 | 219.3 | 219.7 | -2.3 |
| जस्ता-मिनी | 31-07-23 | 1 किलो | 221.7 | 221.7 | 219.35 | 220.1 | -1.8 |
| तांबा | 30-06-23 | 1 किलो | 731.4 | 732.9 | 729.3 | 731.3 | -2.8 |
| तांबा | 31-07-23 | 1 किलो | 735.5 | 736.8 | 732.6 | 735.6 | -2 |
| लेड-मिनी | 30-06-23 | 1 किलो | 184.15 | 184.3 | 183.65 | 184.1 | -0.2 |
| लेड-मिनी | 31-07-23 | 1 किलो | 185.1 | 185.15 | 184.7 | 185 | -0.4 |
| सीसा (लेड) | 30-06-23 | 1 किलो | 184.2 | 184.35 | 183.5 | 184.1 | -0.2 |
| सीसा (लेड) | 31-07-23 | 1 किलो | 185 | 185.5 | 184.6 | 185.2 | -0.1 |
| क्रूड ऑयल | 19-07-23 | 1 बैरल | 5834 | 5905 | 5830 | 5897 | 20 |
| क्रूड ऑयल | 21-08-23 | 1 बैरल | 5854 | 5927 | 5854 | 5918 | 16 |
| क्रूड ऑयल-मिनि | 19-07-23 | 1 बैरल | 5840 | 5910 | 5832 | 5899 | 19 |
| क्रूड ऑयल-मिनि | 21-08-23 | 1 बैरल | 5860 | 5934 | 5860 | 5926 | 26 |
| नैचुरल गैस | 27-06-23 | 1 एमएमबीटीयू | 211.7 | 215 | 211 | 214.4 | -0.8 |
| नैचुरल गैस | 26-07-23 | 1 एमएमबीटीयू | 220.4 | 222.6 | 218.8 | 222.1 | -0.1 |
| नैचुरल गैस | 28-08-23 | 1 एमएमबीटीयू | 222.9 | 224.3 | 219 | 223.6 | 0 |
| नैचुरल गैस-मिनी | 27-06-23 | 1 एमएमबीटीयू | 212 | 215.2 | 211 | 214.4 | -0.8 |
| नैचुरल गैस-मिनी | 26-07-23 | 1 एमएमबीटीयू | 218.9 | 222.4 | 218.8 | 222 | -0.2 |
| नैचुरल गैस-मिनी | 28-08-23 | 1 एमएमबीटीयू | 219.2 | 224.3 | 219.2 | 224 | 0.5 |
| कॉटन कैंडी | 30-06-23 | कैंडी | 56160 | 57480 | 56160 | 57000 | -140 |
| कॉटन कैंडी | 31-08-23 | कैंडी | 58200 | 58780 | 58200 | 58560 | -60 |
| मैंथा तेल | 30-06-23 | 1 किलो | 919 | 919 | 905 | 907.2 | -18 |
| मैंथा तेल | 31-07-23 | 1 किलो | 929.9 | 931 | 920.1 | 922.3 | -19 |

BUSINESS

## न्यूज ब्रीफ

# दक्षिण कोरिया ने गुप्त चीनी पुलिस स्टेशनों की राष्ट्रव्यापी जांच शुरू की

**बिज़नेस रेमेडीज/ इंटरनेशनल डेस्क/एजेंसी**

दक्षिण कोरिया ने गुप्त चीनी पुलिस स्टेशनों की राष्ट्रव्यापी जांच शुरू कर दी है। दक्षिण कोरियाई अधिकारियों का कहना है कि 2023 की शुरुआत में सियोल में ऐसी संस्थाओं की कथित उपस्थिति की जांच के बाद वे देश भर में अनौपचारिक रूप से चीनी पुलिस स्टेशनों की जांच करने का विचार कर रहे हैं।

सुरक्षा अधिकारियों ने कहा राष्ट्रीय खुफिया सेवा और पुलिस न केवल सियोल में बल्कि जेजू द्वीप सहित अन्य क्षेत्रों में भी चीनी सरकार के लिए गुप्त रूप से संचालित पुलिस स्टेशनों की संदिग्ध गतिविधियों की जांच कर रहे हैं। मई में, खुफिया सेवा एक अस्थायी निष्कर्ष पर पहुंची कि मध्य सियोल के सोंगपा जिले में एक चीनी रेस्तरां बीजिंग के लिए अघोषित पुलिस संचालन के आधार के रूप में काम कर रहा था। सत्तारूढ़ पीपल पावर पार्टी के प्रतिनिधि चो जे-ह्योंग द्वारा किए गए खुलासे से पता चलता है कि चीनी सरकार द्वारा चलाए जा रहे कन्फ्यूशियस संस्थानों ने कथित तौर पर बीजिंग की ओर से प्रचार प्रसार किया और दक्षिण कोरियाई विश्वविद्यालयों में हांगकांग लोकतंत्र आंदोलनों का समर्थन करने वाली छात्र गतिविधियों का मुकाबला करने के लिए गतिविधियों का मंचन किया।

# आतंकवाद और चीन से मिलकर लड़ रहे भारत व अमेरिका : माइक कोलिन्स

**बिज़नेस रेमेडीज/न्यूयार्क/एजेंसी**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 21-24 जून तक अमेरिका यात्रा से पहले जॉर्जिया से सांसद माइक कोलिन्स ने चीन से मुकाबला करने के लिए नई दिल्ली और वॉशिंगटन द्वारा किए गए साझा प्रयासों पर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने चीन को अमेरिका व भारत का बड़ा दुश्मन बताया।

प्रतिनिधि सभा के सदस्य माइक कोलिन्स ने एक संक्षिप्त वीडियो संबोधन में पीएम मोदी का अमेरिका में हार्दिक स्वागत किया। उन्होंने वीडियो संदेश में कहा, हमारे पास 22 जून को दोनों सदनों से बात करने के लिए एक बहुत ही विशेष अतिथि आ रहा है और वह भारत के प्रधानमंत्री मोदी हैं। उन्होंने दोनों देशों के बीच उन संबंधों पर भी प्रकाश डाला जो भारत और अमेरिका न केवल आर्थिक तौर पर बल्कि चीन का मुकाबला करने के लिए साझा करते हैं। उन्होंने चीन को बड़ा दुश्मन बताया। कोलिन्स ने वीडियो में कहा कि आप जानते हैं कि भारत और अमेरिका के बीच न केवल आर्थिक रूप से अच्छे संबंध हैं, बल्कि हम दोनों आतंकवाद और बड़े दुश्मन चीन का मुकाबला करने के लिए भी मिलकर लड़ते हैं। अमेरिकी सांसद ने कहा प्रधानमंत्री मोदी आपको सुनने का इंतजार है। आप वॉशिंगटन डीसी में रहने के दौरान क्या कहेंगे, यह सुनने के लिए उत्सुक हैं। हमें जॉर्जिया में चल रहे एसईसी फुटबॉल के बारे में थोड़ी बात करने का मौका भी मिल सकता है। इससे पहले अमेरिका के शीर्ष सांसदों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 22 जून को वाशिंगटन डीसी पहुंचने पर अमेरिकी कांग्रेस (संसद) को संबोधित करने के लिए आमंत्रित किया था। अमेरिका में कई राजनेताओं ने इससे पहले पीएम मोदी की राजकीय यात्रा को लेकर उत्साह जाहिर किया और दोनों देशों के बीच बढ़ते द्विपक्षीय संबंधों की सराहना की थी।

अमेरिकी सांसद शीला जैक्सन ली ने कहा कि अमेरिकी कांग्रेस में पीएम मोदी के संबोधन का इंतजार है। उन्होंने कहा, यह संबोधन कांग्रेस के दोनों सदन में होगा। यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण अवसर है। लेफ्टिनेंट गवर्नर सुसान बाइसिविक्ज ने कहा कि कनेक्टिकट के लोगों की ओर से, मैं संयुक्त राज्य अमेरिका की राजकीय यात्रा पर प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत करना चाहती हूं।

# सुपर राफेल बना रहा फ्रांस, अमेरिकी लड़ाकू विमान एफ-35 से होगा मुकाबला

**बिज़नेस रेमेडीज/ पेरिस, (हि.स.)।**

दुनिया में युद्धक विमानों की होड़ को और तेज करते हुए फ्रांस अब सुपर राफेल लड़ाकू विमान बना रहा है। इसका मुकाबला अमेरिकी लड़ाकू विमान एफ-35 से होगा।

फ्रांसीसी विमान निर्माता कंपनी डसॉल्ट एविएशन सुपर राफेल एफ5 का निर्माण कर रही है। यह लड़ाकू विमान स्टील्थ तकनीक से लैस होगा और हाइपरसोनिक मिसाइलों को भी उड़ा सकेगा। इस विमान के साथ लड़ाकू ड्रोन को भी जोड़ा जा सकेगा। स्वरक्षा प्रणाली के साथ संयुक्त जैमिंग रडार से लैस सुपर राफेल एफ-5 लड़ाकू विमान, जिस समय युद्ध के मैदान में होगा, तो वह अपने लिए एक सुरक्षा दीवार का सृजन भी कर सकेगा। इन स्थितियों में सुपर राफेल पर हमला करने के लिए आई दुश्मन की एयर डिफेंस मिसाइलें इसके आसपास नहीं आ पाएंगी। फ्रांस के इस लड़ाकू विमान का मुख्य मुकाबला अमेरिका के एफ-35 से होगा। वर्तमान में अमेरिका अपने एफ-35 को दुनिया के कई देशों को बेच रहा है। इसके अलावा किसी भी देश के पास मार्केटिंग के लिए एफ-35 जैसा लड़ाकू विमान नहीं है। फ्रांसीसी रक्षा विशेषज्ञों के अनुसार सुपर राफेल एक नया लड़ाकू विमान है। यह सिर्फ एक लड़ाकू विमान न होकर कई तरह की खूबियों से लैस होगा। फ्रांस के सशस्त्र बलों के मंत्रालय ने 2024-2030 तक का सैन्य योजना कार्यक्रम प्रस्तावित किया था, इसमें सुपर राफेल की जानकारी दी गयी थी।

# भारत-अमेरिका के गहराते संबंधों से पाकिस्तान को कोई फर्क नहीं पड़ता : रक्षा मंत्री आसिफ

**बिज़नेस रेमेडीज/ इस्लामाबाद/एजेंसी**



पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा कि अमेरिका द्वारा भारत के साथ संबंधों को गहरा करने से इस्लामाबाद को कोई फर्क नहीं पड़ता है। उन्होंने कहा कि इससे उनको 'कोई समस्या नहीं है', बशर्ते इससे पाक को कोई नुकसान न हो।

पाकिस्तान की यह टिप्पणी अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के न्योते पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 20 जून की आधिकारिक अमेरिका यात्रा से पहले आयी है। इस यात्रा के दौरान अमेरिका और भारत के बीच स्वास्थ्य, तकनीक, नवीकरणीय ऊर्जा, शिक्षा और रक्षा इन पांच महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर चर्चा होगी। रक्षा मंत्री ने भारत द्वारा अमेरिका के साथ संबंधों को प्रगाढ़ किए जाने के संबंध में सवाल का जवाब देते हुए उक्त बातें कहीं। उनका इस संबंध में साक्षात्कार प्रकाशित हुआ है। आसिफ ने कहा कि मुझे लगता है कि अमेरिका के भारत के साथ साझेदारी बढ़ाने से हमें कोई दिक्कत नहीं है, अगर इससे पाकिस्तान को कोई नुकसान नहीं पहुंचता है तो। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान पड़ोसियों और क्षेत्रीय साझेदारों के अच्छे संबंध चाहता है। उन्होंने कहा कि हमारी चीन के साथ साझा सीमा है, हमारी अफगानिस्तान, ईरान, भारत के साथ साझा सीमा है। अगर संबंध अच्छे नहीं हैं तो, हम उनके साथ अपने संबंधों को बेहतर बनाना चाहेंगे। हम शांति से जीना चाहते हैं। अगर शांति नहीं है तो हम कभी भी अपनी अर्थव्यवस्था को बेहतर नहीं बना सकते हैं।

# 'अमेरिका-ईरान के बीच किसी भी अंतरिम समझौते का विरोध करता है इजरायल'

**बिज़नेस रेमेडीज/ तेल अवीव, (हि.स.)।**



इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि वह ईरान के परमाणु कार्यक्रम संबंधी उस अंतरिम समझौते का विरोध करते हैं, जिस पर अमेरिका और ईरान के बीच कथित तौर पर बातचीत की जा रही है।

नेतन्याहू ने यह बात तब कही, जब इजरायली मीडिया में आई खबरों में कहा गया है कि वाशिंगटन और तेहरान के बीच सहमति बनाने का प्रयास किया जा रहा है जिसका उद्देश्य कुछ प्रतिबंधों से राहत के बदले ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर कुछ हद तक रोक लगाना है। हालांकि इस खबर की पुष्टि नहीं की जा सकी है। अमेरिका ने ऐसे समझौते की सार्वजनिक रूप से इनकार किया है। नेतन्याहू ने कहा कि इजरायल ने अमेरिका को सूचित किया है कि सबसे सीमित सहमति, जिसे छोटा-समझौता कहा जाता है- हमारे विचार में - लक्ष्यों की पूर्ति नहीं करते हैं और हम उनका विरोध करते हैं।

इजरायल के अधिकारियों का मानना है कि संवर्धन को सीमित करने के लिए कुछ सहमति पहले ही हासिल कर ली गई है और कुछ राशि के लेनदेन पर रोक पहले ही हटाई जा चुकी है। अधिकारियों ने यह जानकारी नाम गुप्त रखने की शर्त पर दी क्योंकि वे एक गोपनीय राजनयिक आकलन पर चर्चा कर रहे थे।

## बीमा | बैंकिंग | ज्वैलरी

# एसबीआई लाइफ अपने #PapaHainNa के जरिए ऐसे हर एक पिता को सैल्यूट करता है जो जीवन की तमाम चुनौतियों के बावजूद अपने बच्चों के प्रेरणा-स्रोत बने रहे हैं

**बिज़नेस रेमेडीज/मुंबई**

इस फादर्स डे, एसबीआई लाइफ ने #PapaHaiNa डिजिटल प्रॉपर्टी के जरिए ऐसे हर उस पिता की सराहना और उनका अभिनंदन किया है जो तमाम चुनौतियों का धैर्यपूर्वक सामना करते हुए अपने बच्चे/बच्चों के लिए प्रेरणा-स्रोत बने रहे हैं। पूरे आत्मविश्वास और अनुशासित तरीके से कर्तव्यपालन करने के प्रति पिता का अटूट संकल्प उनके बच्चों के लिए एक शानदार उदाहरण पेश करता है। आज, पिता न केवल प्रदाता हैं बल्कि विशेष रूप से बच्चों के बड़े होने के साथ-साथ उनके संबल की भूमिका भी तेजी से निभा रहे हैं। इस दृष्टिकोण ने पिता को युवा पीढ़ी के बच्चों को बेहतर ढंग से समझने, उनकी आकांक्षाओं का समर्थन करने और भावनात्मक एवं आर्थिक रूप से सुरक्षा की भावना प्रदान करने की शक्ति दी है।

एसबीआई लाइफ की इस साल की #PapaHaiNa डिजिटल फिल्म एक पिता की भावनात्मक आत्म-अनुभूति की यात्रा को प्रदर्शित करती है। इसमें दिखाया गया है कि कैसे आत्मविश्वास से भरपूर और दायित्व बोध की भावना से बच्चे की परिवरिश से उनमें दृढ़ता और समर्पण के गुण विकसित होते हैं। यह डिजिटल फिल्म रितिका नामक एक युवती पर फिल्माई गई है। इस 15 वर्षीय बेटी को फुटबॉल के प्रति उत्साह और जुनून है। एक मैच के दौरान उसके घुटने में चोट लग जाती है। रितिका की सर्जरी होती है और उसका पुनर्वास होता है। इसके जोखिमों के प्रति अपने पिता, दीपक की चिंताओं के बावजूद, वह चुपके से अपना प्रशिक्षण फिर से शुरू करती है। एक पिता के रूप में सुरक्षात्मक होने के कारण, पूरी स्थिति चिंताजनक लगती है जिसको लेकर पिता पुत्री के बीच असहमति पैदा होती है। यहां, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का लाभ उठाते हुए, फिल्म में दीपक के 40 के दशक के अंत से लेकर 20 के दशक के उत्तरार्ध तक के बदलाव को दिखाया गया है। इसके दृश्यात्मक तत्वों ने कहानी को अधिक रोचक बना दिया है। एक मार्मिक दृश्य में युवा दीपक को अपने सपनों की ओर हरसंभव प्रयास करते हुए दिखाया गया है। इसके माध्यम से, विपरीत मानवीय कहानी कहने के दृष्टिकोण से, दीपक को इसका अहसास होता है क्योंकि वह अपनी बेटी में अपनी खुद की युवा प्रतिबद्धता और दृढ़ संकल्प की दर्पण छवि देखता है। एक अहसास है, जिससे वह स्वीकार करता है कि वह भी अपनी युवावस्था के दौरान अपने जुनून के प्रति वही प्यार, समर्पण और अटूट भावना रखता था।

अभियान के बारे में बात करते हुए, एसबीआई लाइफ के चीफ ऑफ ब्रांड, कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन एंड सीएसआर, श्री रवींद्र शर्मा ने कहा कि पिता को हमेशा परिवार का भरण-पोषण करने वाले प्रमुख व्यक्ति के रूप में जाना जाता है, लेकिन समय के साथ, उनकी भूमिका में चरणबद्ध तरीके से बदलाव आया है। अटूट समर्पण के साथ अपार प्रेम प्रदान करने की यात्रा में, पिता आज एक ऐसे व्यक्ति के रूप में देखे जाते हैं जो अपने बच्चों को न केवल अपने सपनों का पीछा करने के लिए प्रेरित करते हैं बल्कि उन्हें जीवन की चुनौतियों के बीच कभी हार न मानने के लिए प्रेरित करते हैं।

# ट्रांसफॉर्म, थ्राइव एंड ट्रांसेंड डब्ल्यू–20 समिट में शामिल हुई प्रिया अग्रवाल हेब्बर

**बिज़नेस रेमेडीज**

वेदांता लिमिटेड की डायरेक्टर और हिंदुस्तान जिंक की चेयरपर्सन प्रिया अग्रवाल हेब्बर ने हाल में महाबलीपुरम में आयोजित दो दिवसीय डब्ल्यू–20 समिट में हिस्सा लिया। समिट की थीम जलवायु परिवर्तन का मुकाबला और लैंगिक समानता के लिए प्रतिबद्धता पर ध्यान केंद्रित करना था। जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए प्रतिबद्ध और लैंगिक समानता की दिशा में काम कर रहे दुनियाभर के चेंज–मेकर्स को दो दिवसीय समिट एक मंच पर लेकर आई थी।

ट्रांसफॉर्म, थ्राइव एंड ट्रांसेंड' की थीम के अनुरूप समिट ने एक ऐसे माहौल को बढ़ावा दिया, जहां लीडर और चेंजमेकर्स वैश्विक चुनौतियों के लिए स्थायी समाधान तलाशने के लिए एकत्र हुए।

पैनल में प्रिया अग्रवाल हेब्बर ने जलवायु परिवर्तन का मुकाबला करने के लिए अपने जुनून और प्रतिबद्धता को साझा करते हुए उपस्थित लोगों के दिल को छुआ। प्रिया ने अपने वक्तव्य में कहा कि वह जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभावों को कम करने की दिशा में जुनून के साथ काम कर रहीं अनुकरणीय महिलाओं के पैनल में शामिल होकर सम्मानित महसूस कर रही हैं। जी–20 का लैंगिक समानता पर ध्यान देने का इतिहास खासतौर पर विकासशील क्षेत्रों में महिलाओं पर जलवायु परिवर्तन के असंगत प्रभाव को सामने लाने में मददगार रहा है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को निर्णय लेने में समान प्रतिनिधित्व और सार्थक भागीदारी की गारंटी को अनिवार्य करना जरूरी है और वेदांता ग्रुप में हम ठीक यही कर रहे हैं।

2050 तक नेट जीरो बनने के हमारे महत्वाकांक्षी लक्ष्य की दिशा में महिलाओं के नेतृत्व वाली ईएसजी टीमों के तहत हमारी कमर्शियल यूनिट्स जो प्रगति कर रही हैं, उसे साझा करना मेरे लिए गर्व की बात थी। वेदांता जलवायु नीतियों को ध्यान में रखते हुए लैंगिक समानता का दृष्टिकोण रखने के लिए प्रतिबद्ध है। विशेष रूप से उन समुदायों के लाभ के लिए जिनके साथ हम काम करते है।

# वर्ल्ड एवोकैडो ऑर्गनाइजेशन ने भारत में उपभोक्ता शिक्षा अभियान शुरू किया

**बिज़नेस रेमेडीज/नई दिल्ली**



वर्ल्ड एवोकैडो ऑर्गनाइजेशन ने भारत में एवोकैडो के पोषण और स्वास्थ्य संबंधी लाभ को बढ़ावा देने के लिए उपभोक्ता शिक्षा अभियान शुरू किया है। वर्ल्ड एवोकैडो ऑर्गनाइजेशन (डब्ल्यूएओ) एक गैर-लाभकारी संगठन है, जो दुनिया भर में एवोकैडो को निर्माताओं, निर्यातकों और आयातकों का प्रतिनिधित्व करता है।

डब्ल्यूएओ को तेजी से बढ़ते हुए वाइब्रैंट भारतीय मार्केट में एवोकैडो को बढ़ावा देने के लिए शैक्षिक गतिविधियों का विस्तार करते हुए बहुत खुशी हो रही है। यह स्थिति अपने समृद्ध इतिहास, खाने पकाने की विभिन्न परंपराओं में इसके प्रयोग और सेहतमंद खाद्य पदार्थों में बढ़ती दिलचस्पी के साथ भारत के बाजारों में एवोकैडो की खपत बढ़ने का यह उल्लेखनीय अवसर प्रदान करती है।

भारतीय बाजार की असीमित क्षमताओं की पहचान करते हुए, डब्ल्यूएओ ने भारत में एवोकैडो के पोषण के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए एक शैक्षिक उपभोक्ता अभियान की भी शुरुआत की है। इस अभियान में यह भी सिखाया जाएगा कि किस तरह एवोकैडो का उपयोग अलग-अलग डिशेज को स्वादिष्ट बनाने में किया जा सकता है। भारत में डब्ल्यूएओ के अभियान को लॉन्च करते हुए डब्ल्यूएओ के चेयरमैन जैक बार्ड ने कहा कि हम इस कैंपेन को भारत में लॉन्च कर काफी उत्साहित हैं। देश में बनाए जाने वाले विभिन्न व्यंजनों के परिदृश्य और सेहत के प्रति सतर्क रहने वाले उपभोक्ताओं की बढ़ती संख्या भारत में एवोकैडो का मार्केट बनने के क्षेत्र में असीम संभावनाएं दिखाती है। हमारा लक्ष्य उपभोक्ताओं को एवोकैडो को अपने आहार में शामिल करने के लिए जागरूक करना और सेहतमंद लाइफस्टाइल को बढ़ावा देना है। बार्ड ने कहा कि यह काफी अच्छा समय है और हम भारत आकर काफी उत्साहित हैं। अपनी स्वाभाविक सेहतमंद और उपयोगिताओं के साथ एवोकैडो दुनिया भर में लोगों के आहार का महत्वपूर्ण हिस्सा बन रहा है। हम इसी तरह का ट्रेंड भारत में भी देख रहे हैं। हम भारत में एवोकैडो के लिए असीम संभावनाएं देख रहे हैं।

# एनएसडीसी ने फैशन और इंटीरियर डिजाइन स्किल प्रदान करने के लिए एमएसयू, आईएनआईएफडी के साथ साझेदारी की

**बिज़नेस रेमेडीज/नई दिल्ली**



राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी), कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) का नॉलेज एंड इम्प्लीमेंटेशन पार्टनर, ने सिक्किम स्थित मेधावी स्किल यूनिवर्सिटी (एमएसयू) और हैदराबाद स्थित इंटर नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन डिजाइनिंग (INIFD) के साथ फैशन डिजाइन,इंटीरियर डिजाइन और ब्यूटी एंड वेलनेस के क्षेत्र में न्यू-एज के शॉर्ट टर्म के कोर्स को डिजाइन, क्यूरेट और डेवलप करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

सहयोग का उद्देश्य छात्रों को फैशन और इंटीरियर डिजाइन उद्योग-प्रासंगिक कौशल से लैस करना है, जिससे वे अपने एकेडमिक नॉलेज को वास्तविक जीवन परिदृश्यों में लागू कर सकें और अपनी रोजगार क्षमता बढ़ा सकें। पाठ्यक्रमों को राष्ट्रीय कौशल योग्यता फ्रेमवर्क (एनएसक्यूएफ) के दिशानिर्देशों के तहत डिजाइन किया गया है। एनएसडीसी के सीईओ श्री वेद मणि तिवारी, आईएनआईएफडी के सीईओ श्री अनिल खोसला और मेधावी कौशल विश्वविद्यालय के संस्थापक चांसलर प्रवेश दुदानी के बीच समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान हुआ।

इस क्षेत्र में करियर बनाने के इच्छुक छात्रों को कौशल-आधारित प्रशिक्षण से लाभ होगा और डिजाइन-आधारित असाइनमेंट और लेक्चर रूम-बेस्ड लर्निंग के एक अद्वितीय मिश्रण के माध्यम से डोमेन में विशेषज्ञता प्रदान की जाएगी। ये पाठ्यक्रम एमएसयू डिग्री और डिप्लोमा करने वाले छात्रों को उनकी मूल बातें और बुनियादी बातों को मजबूत करने में मदद करेंगे, साथ ही उन्हें प्रैक्टिकल एक्सपोजर भी देंगे जो उनकी रचनात्मकता, निर्णय लेने और रोजगार की संभावनाओं में सुधार करेगा। कोर्स पूरा होने पर, आईएनआईएफडी छात्रों को भागीदारी प्रमाणपत्र देगा।

एनएसडीसी के सीईओ और एनएसडीसी इंटरनेशनल के एमडी वेद मणि तिवारी ने कहा, कि हाल के वर्षों में, इंटीरियरऔर डिजाइन सेक्टर में कुशल पेशेवरों की मांग में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इसने युवा भारतीयों को विशेष कौशल से लैस करना अनिवार्य बना दिया है जो वर्तमान प्रतिभा बाजार को पूरा करता है। इस आवश्यकता के समाधान के रूप में, जो पाठ्यक्रम बनाए गए हैं, वे डोमेन के लिए विशिष्ट हैं और राष्ट्रीय क्रेडिट फ्रेमवर्क के साथ संरेखित हैं। मल्टीपल एंट्री और एक्जिट प्वाइंट्स के साथ, ये पाठ्यक्रम छात्रों के लिए उच्च शिक्षा के पाथवे में निर्बाध रूप से परिवर्तन करना आसान बनाते हैं।

## ट्यूरिज्म

JOB ALERT

**Larsen & Toubro Limited,4.0,Rajasthan**
Site Admin,new,Maintain shift roster, Collate and source information, Analyse and prepare monthly reports in specific formats/reports IN ORDER TO provide information to…·More...

**Growthaholics,Jaipur, Rajasthan**
Data Entry Operator/Computer Operator,new,15,000 - 18,000 a month,SALARY OFFERED- 15-18K PER MONTH.,EXPERIENCE REQUIRED- MIN 2 YEARS.,Jaipur, Rajasthan: Reliably commute or planning to relocate before starting work (Required…,·More...

**Mikado Enterprises,Jaipur, Rajasthan**
Quality Incharge,new,17,000 - 20,000 a month,Ensuring 0 defect in all dispatches to customer.,100% Checking of material being manufactured by factory.,Jaipur, Rajasthan: Reliably commute or planning to…

**eFeeders Tech,Jaipur, Rajasthan**
Data Entry,new,7,000 - 15,000 a month,Work with the team to develop solutions for customer needs.,Respond promptly and professionally to customer inquiries.,Excellent typing speed and accuracy.,·More...

**Bewise Classes,Kota, Rajasthan**
Student Counsellor & Receptionist,9,000 - 15,000 a month,Candidates with graduation in any science related field will be preferred..,Candidates will interact with students and parents in a positive manner, listen to…

**HDFC Bank,3.9,Baran, Rajasthan**
Collections-Collections Officer-SLI - Baran,+29 locations,Meet the Business Targets of Resolution, Rollback and Normalization Follow up for Settlement and Pre NDC Conversions.,·More...

**AANCH HOSPITAL,Jaipur, Rajasthan**
ASSISTANT - MRD,new,12,000 -15,000 a month,Prepare indicator every month for quality purpose.,Maintain proper documentation of all in patients file (i.e. Discharge summary, final bill, diagnosis of all,·More...

**TTEC INDIA CUSTOMER SOLUTIONS PRIVATE LIMITED,5.0Udaipur, Rajasthan**
Chat Customer Service & Sales - Ahmedabad Relocation,26,000 - 35,000 a month,Highway) ,* you'll be a part of creating and delivering amazing customer experiences while you also #experienceTTEC, an award-winning employment experience and…,

Source : https://www.indeed.co.in/jobs-in-Rajasthan

सभी जानकारियां मात्र सूचना के लिए हैं वास्तविक जानकारी मूल स्त्रोत से प्राप्त करें। बिजनेस रेमेडीज की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी

## TENDER'S IN RAJASTHAN

-Source- https://eproc.rajasthan.gov.in/nicgep/app

| S.N. | e-Published Date | Bid Submission Closing Date | Tender Opening Date | Organisation Chain |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 19-06-2023 18:55 | 05-07-2023 11:00 | 05-07-2023 12:00 | PHED-Chief Engineer(HQ),Jaipur\|\|ACE Region Ajmer\|\|SE Cr.Bhilwara\|\|EE, Dn Bhilwara |
| 2 | 19-06-2023 18:55 | 23-06-2023 18:00 | 27-06-2023 10:00 | DLB\|\|Dy.DR-Ajmer\|\|Commissioner-Nagaur |
| 3 | 19-06-2023 18:55 | 23-06-2023 18:00 | 27-06-2023 10:00 | DLB\|\|Dy.DR-Ajmer\|\|Commissioner-Nagaur |
| 4 | 19-06-2023 18:55 | 04-07-2023 18:00 | 05-07-2023 11:00 | Medical and Health\|\|Chief Engineer |
| 5 | 19-06-2023 18:55 | 28-06-2023 18:00 | 29-06-2023 13:00 | Panchayati Raj Department\|\|Secretary and Commissioner\|\|CEO-BARAN\|\|BDO-ATARU |
| 6 | 19-06-2023 18:55 | 05-07-2023 09:00 | 05-07-2023 09:00 | PHED-Chief Engineer(HQ),Jaipur\|\|ACE Region Ajmer\|\|SE Cr.Bhilwara\|\|EE, Dn Bhilwara |
| 7 | 19-06-2023 18:55 | 23-06-2023 18:00 | 27-06-2023 10:00 | DLB\|\|Dy.DR-Ajmer\|\|Commissioner-Nagaur |
| 8 | 19-06-2023 18:55 | 05-07-2023 11:00 | 05-07-2023 12:00 | PHED-Chief Engineer(HQ),Jaipur\|\|ACE Region Ajmer\|\|SE Cr.Bhilwara\|\|EE, Dn Bhilwara |
| 9 | 19-06-2023 18:55 | 04-07-2023 18:00 | 05-07-2023 11:00 | Medical and Health\|\|Chief Engineer |
| 10 | 19-06-2023 18:55 | 05-07-2023 11:00 | 05-07-2023 12:00 | PHED-Chief Engineer(HQ),Jaipur\|\|ACE Region Ajmer\|\|SE Cr.Bhilwara\|\|EE, Dn Bhilwara |
| 11 | 19-06-2023 18:55 | 04-07-2023 17:00 | 06-07-2023 11:00 | RIICO-Sr. DGM(Tech)\|\|RIICO-Technical Cell HO\|\|UH- Pali |
| 12 | 19-06-2023 18:55 | 23-06-2023 18:00 | 27-06-2023 10:00 | DLB\|\|Dy.DR-Ajmer\|\|Commissioner-Nagaur |
| 13 | 19-06-2023 18:55 | 23-06-2023 18:00 | 27-06-2023 10:00 | DLB\|\|Dy.DR-Ajmer\|\|Commissioner-Nagaur |
| 14 | 19-06-2023 18:55 | 05-07-2023 11:00 | 05-07-2023 12:00 | PHED-Chief Engineer(HQ),Jaipur\|\|ACE Region Ajmer\|\|SE Cr.Bhilwara\|\|EE, Dn Bhilwara |
| 15 | 19-06-2023 18:55 | 05-07-2023 11:00 | 05-07-2023 12:00 | PHED-Chief Engineer(HQ),Jaipur\|\|ACE Region Ajmer\|\|SE Cr.Bhilwara\|\|EE, Dn Bhilwara |
| 16 | 19-06-2023 18:55 | 28-06-2023 18:00 | 29-06-2023 13:00 | Panchayati Raj Department\|\|Secretary and Commissioner\|\|CEO-BARAN\|\|BDO-ATARU |
| 17 | 19-06-2023 18:55 | 04-07-2023 18:00 | 05-07-2023 11:00 | Medical and Health\|\|Chief Engineer |
| 18 | 19-06-2023 18:55 | 23-06-2023 18:00 | 27-06-2023 10:00 | DLB\|\|Dy.DR-Ajmer\|\|Commissioner-Nagaur |

# दक्षिण भारत में बनारस के नाम से मशहूर है बेलूर, देश-विदेश में फैली है लोकप्रियता

**बिज़नेस रेमेडीज/नई दिल्ली**



सनातन धर्म में बनारस शहर का विशेष महत्व है। इसकी प्रसिद्धि देश-विदेश में फैली है। इसके चलते हर साल हजारों की संख्या में पर्यटक बनारस घूमने आते हैं। वर्तमान समय में कोरोना महामारी के चलते पर्यटकों में कमी आई है। इसके बावजूद काफी संख्या में श्रद्धालु बनारस आते हैं। इसके अलावा, दक्षिण भारत का बनारस भी धार्मिक और ऐतिहासिक विशेषताओं के लिए दुनियाभर में प्रसिद्ध है। खासकर वास्तु कला के प्रेमी अपने जीवन में एक बार बनारस घूमने जरूर जाते हैं। अगर आने वाले समय में घूमने की प्लानिंग कर रहे हैं, तो आप दक्षिण भारत में बनारस के नाम से मशहूर बेलूर शहर की यात्रा कर सकते हैं।

**दक्षिण भारत का बनारस** : बेलूर को दक्षिण भारत का बनारस कहा जाता है। इतिहास के पन्नों में बेलूर का नाम सुनहरे पन्नों में लिखा है। यह शहर कर्नाटक राज्य में स्थित है और बैंगलोर से 200 किलोमीटर दूर है। बेलूर में कई धार्मिक स्थल हैं, जो अपनी वास्तु-कला विशेषताओं के लिए मशहूर हैं।

**हैलेबिडु** : आसान शब्दों में हैलेबिडु का अर्थ नष्ट शहर है। होयसल वंश की यह राजधानी थी। इस शहर को द्वारसमुद्र के नाम से भी जाना जाता है। इस शहर में एक म्यूजियम है, जो खुले आकाश में है। म्यूजियम में आप भगवान शिव जी की नृत्य करती प्रतिमा और मां शारदे की विहंगम प्रतिमा का का दीदार कर सकते हैं। इसके अलावा, हैलेबिडु में कई ऐतिहासिक स्थल हैं।

**होयसलेश्वर मंदिर :** इस मंदिर का मंदिर 12 वीं शताब्दी में हुआ था। इस मंदिर में भगवान शिव जी की प्रतिमा स्थापित है। यह होयसल सम्राज्य का लैंड मार्क है। बेलूर में सबसे दर्शनीय मंदिर है। मंदिर की वास्तु कला देखने लायक है। जब भी अवसर मिले, एक बार होयसलेश्वर मंदिर जरूर जाएं।

**बेलावड़ी** : बेलावड़ी कर्नाटक प्रवेश द्वार के नाम से भी प्रसिद्ध है। बेलावड़ी में श्री वीर नारायण मंदिर स्थित है। मंदिर का निर्माण 13 वीं शताब्दी में होयसल वास्तु कला की तर्ज पर हुआ था।

# अयोध्या के पांच स्थलों पर एक साथ कई हजार लोग करेंगे योग

**बिज़नेस रेमेडीज**
**अयोध्या, (हि.स.)।**

डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से 21 जून को अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस को भव्य बनाने की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया है। प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या के पांच स्थलों पर एक साथ करीब तीन हजार से ज्यादा लोग योग करेंगे।

योग दिवस की तैयारियों को लेकर अविवि की कुलपति प्रतिभा गोयल ने कौटिल्य प्रशासनिक भवन के सभागार में सोमवार को पूर्वाह्न योग समिति के संयोजकों एवं सदस्यों के साथ समीक्षा बैठक की।

बैठक में कुलपति प्रो. गोयल ने बताया कि 21 जून को अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस पर प्रातः छह बजे से एक घण्टे का योग कराया जायेगा। जिसमें अयोध्या के पांच स्थलों में विश्वविद्यालय परिसर में एक हजार, सरयू घाट पर पांच सौ, राम की पैड़ी व लक्ष्मण घाट पर तीन सौ, गुप्तघाट पर चार सौ व नाव पर एक सौ तथा विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गांव में माधवपुर, मसौधा में 250 से अधिक लोगों को विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा योग कराया जायेगा।

बैठक में कुलपति ने बताया कि योग दिवस को एतिहासिक बनाने के लिए अयोध्या के योग स्थलों पर पर्यवेक्षकों की तैनाती की गई है। इनकी निगरानी में प्रबुद्धजन, जिले के अधिकारी एवं छात्र-छात्राएं योग करेंगे। बैठक में कुलपति प्रो. गोयल ने बताया कि विश्वविद्यालय से सम्बद्ध सात जिलों के 763 महाविद्यालय के लगभग दो लाख अस्सी हजार विद्यार्थियों, प्राचार्यों, शिक्षकों, जिले के आलाअधिकारियों, कर्मचारियों, प्रबुद्धजन के साथ अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस को भव्य मनाया जायेगा। कुलपति ने कहा कि हमारे ऋषियों, मुनियों के अनमोल उपहार योग को जीवन में उतारना होगा। नियमित योग से स्वस्थ शरीर के साथ स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होगा। बैठक में कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल ने समिति की समीक्षा करते हुए योग दिवस की तैयारियों को लेकर सुझाव भी दिए। बैठक में योग दिवस के संयोजक प्रो. एसएस मिश्र ने बताया कि अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां लगभग पूरी की जा चुकी है। 21 जून को पहले आओ पहले पाओ के तर्ज पर लोगों को टी-शर्ट वितरित की जायेगी। योग कार्यक्रम के उपरांत सूक्ष्म जलपान की व्यवस्था की गई है। प्रो. मिश्र ने बताया कि अयोध्या के पांच स्थलों पर पर्यवेक्षक एवं योगाचार्य की निगरानी में योग कराया जायेगा। इस सम्बन्ध में कुलपति के निर्देश पर योग समितियों को आवश्यक यथा निर्देश दिए है।

## एजुकेशन

# नीट 2023 की सफलता का राज : आकाश इंस्टीट्यूट से आल इंडिया टॉपर्स के साथ बातचीत

**बिज़नेस रेमेडीज**

नीट एग्जाम की सफलता के पीछे के रहस्यों और टिप्स को जानने की तलाश में, हम आकाश इंस्टीट्यूट के टॉप स्टूडेंट्स के साथ बैठे। नीट 2023 में आकाश के 145 छात्रों को 700+ अंक मिले हैं, जिनमें 109 छात्र आकाश के क्लासरूम प्रोग्राम से हैं। आकाश के 57 छात्रों ने टॉप 100 में रैंक हासिल की है, और उनमें से 30 ने टॉप 50 में रैंक हासिल की है। इसमें, कौस्तव बाउरी (AIR 3), ध्रूव आडवाणी (AIR 5), सूर्या सिद्धार्थ (AIR 6), और स्वयं शक्ति (AIR - 8) के साथ एक एक्सक्लूसिव इंटरव्यू लेकर आए हैं।



**कौस्तव बाउरी (AIR 3)**

**प्रश्न : कौस्तव, आपने नीट 2023 में बहुत अच्छा किया है। साइंस, विशेषकर बायोलॉजी में आपकी रुचि कैसे विकसित हुई?**

**कौस्तव :** कक्षा 9 में, मैंने साइंस, विशेषकर बायोलॉजी में गहरी रुचि विकसित की। मैं मानव शरीर और उसके कार्यों के बारे में जानकर रोमांचित हो गया। मेरे पिता, जो एक इंजीनियर हैं, ने मुझे चिकित्सा को करियर के रूप में अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया।

**प्रश्न : कौस्तव, क्या आप हमें नीट की तैयारी के लिए आकाश से जुड़ने के निर्णय के बारे में बता सकते हैं?**

**कौस्तव :** मैंने आकाश को चुना क्योंकि मैं अपनी नीट की तैयारी के लिए प्रतिस्पर्धी माहौल चाहता था। मैंने आकाश के अच्छे परिणाम देने के ट्रैक रिकॉर्ड के बारे में सुना था, और मेरे परिवार और दोस्तों ने भी इसकी सिफारिश की थी। आकाश के शिक्षक मेरे निर्णय का एक अन्य कारण थे।



**ध्रूव आडवाणी (AIR 5)**

**प्रश्न : आप अपनी एनईईटी परीक्षा के लिए कैसे पहुंचे?**

**कौस्तव :** एनईईटी परीक्षा से तीन महीने पहले, मैंने अपनी एनसीईआरटी पाठ्य पुस्तकों को अच्छी तरह से संशोधित किया, उन्हें चार से पांच बार पढ़ा। परीक्षा से एक महीने पहले, मैंने मॉक टेस्ट अटेंड करना शुरू किया। प्रत्येक परीक्षण के बाद, मैंने अपनी त्रुटियों का विश्लेषण किया और अपनी कमजोरियों की पहचान करने और उन पर काम करने के लिए पेपर चर्चा सत्रों में भाग लिया।

**प्रश्न : आकाश ने नीट की तैयारी में कैसे मदद की?**

**कौस्तव :** आकाश ने एक सहायक वातावरण प्रदान किया और हमें नीट-स्तर की प्रोब्लेम्स से अवगत कराया। शिक्षकों ने हमारे कमजोर क्षेत्रों को मजबूत करने में मदद करने के लिए डाउट क्लासेज करे। प्रतियोगी परीक्षा-स्तर के सवालों, विशेष रूप से उन्नत स्तर के सवालों की प्रैक्टिस से मुझे नीट परीक्षा में अच्छा स्कोर करने में मदद मिली।

**प्रश्न : क्या आपके पास नीट की तैयारी और बोर्ड परीक्षाओं के बीच संतुलन बनाने की कोई रणनीति थी?**

**कौस्तव :** नीट और बोर्ड दोनों परीक्षाओं का सिलेबस एक जैसा होता है, इसलिए नीट की तैयारी करने से आप स्वतः ही बोर्ड परीक्षाओं के लिए भी तैयार हो जाते हैं। मैंने यह सुनिश्चित किया कि मैं अपने नोट्स को पूरी तरह से पढ़ूं और किसी भी प्रकार के बैकलॉग को छोड़ने से बचूं। एक स्ट्रक्चर्ड एप्रोच लेकर और टाइम मैनेजमेंट के साथ मैं अत्यधिक तनाव के बिना दोनों परीक्षाओं को हल कर सका।

**प्रश्न : आपने दो साल की नीट तैयारी के दौरान डिस्ट्रैक्शन को कैसे संभाला?**

**कौस्तव :** डिस्ट्रैक्शन से बचने के लिए, मैंने अपने फ़ोन से सभी सोशल मीडिया ऐप्स हटा दिए और अपना पढ़ने का समय बढ़ा दिया। डिस्ट्रैक्शन को कम करके और अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करके, मैं प्रतिदिन अधिक प्रश्नों का अभ्यास करने में सक्षम हुआ, जो मेरी तैयारी में मददगार साबित हुआ।

**प्रश्न : नीट के इच्छुक उम्मीदवारों को आप क्या सलाह देंगे?**

**कौस्तव** : सबसे पहले, अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए एक जूनून जरूरी है। एनसीआरटी को कई बार अच्छी तरह से पढ़ें और नियमित रूप से मॉक टेस्ट में भाग लें। प्रत्येक परीक्षा के बाद अपनी गलतियों का विश्लेषण करें और अपनी गलतियों से सीखने और भविष्य में उन्हें दोहराने से बचने के लिए पेपर डिस्कशन में भाग लें।



**सूर्या सिद्धार्थ (AIR 6)**

**प्रश्न : ध्रूव, आपने नीट में अपने राज्य में टॉप किया है और AIR 5 हासिल की है। कैसा लग रहा है?**

**ध्रूव :** मुझे अभी भी विश्वास नहीं हो रहा है! यह एक सपना सच हो गया है। मैंने दो साल तक अथक मेहनत की है और यह उपलब्धि मेरी उम्मीदों से परे है।

**प्रश्न : आपको आकाश में दाखिला लेने के लिए किसने प्रेरित किया?**

**ध्रूव :** यह सब मेरे परिवार के जानकारों की सिफारिश से शुरू हुआ। हम एक बार आकाश इंस्टिट्यूट गए, और मैं अच्छी तरह से स्टडी पैकेज और पुस्तकों से आकर्षित हुआ। कक्षा के अनुभव ने मुझे और अधिक आकर्षित किया, और मुझे पता था कि मुझे आकाश का हिस्सा बनना है।

**प्रश्न : आकाश इंस्टिट्यूट ने आपकी तैयारी में आपकी मदद की?**

**ध्रूवः** शुरुआत में, मैंने मॉक टेस्ट में कुछ रीडिंग एरर और बब्बलीन्ग गलतियां कीं। परीक्षा के दौरान शांत रहने और ध्यान केंद्रित करने में आकाश का मार्गदर्शन अमूल्य था। शिक्षकों ने हमें सिखाया कि प्रश्नों को एक स्ट्रक्चर्ड तरीके से कैसे हल किया जाए, और उनकी विशेषज्ञता ने मेरी परीक्षा देने की क्षमताओं को निखारा।



**स्वयं शक्ति (AIR - 8)**

**प्रश्न : सूर्या, आपने नीट 2023 में प्रभावशाली AIR 6 हासिल की है। क्या आप हमें मेडिसिन में करियर बनाने की अपनी प्रेरणा के बारे में बता सकते हैं?**

**सूर्या :** मेरे पिता, जो एक डॉक्टर हैं, ने मुझे चिकित्सा में करियर बनाने के लिए बहुत प्रेरित किया। लोगों के जीवन में उनके द्वारा किए गए प्रभाव को देखकर मुझे भी इसी तरह के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया।

**प्रश्न : आप आकाश से कब जुड़े और वहां आपका अनुभव कैसा रहा?**

**सूर्या** : मैं 11वीं कक्षा की शुरुआत में आकाश से जुड़ा था, और यह एक अद्भुत अनुभव था। शिक्षक बहुत अच्छे हैं, और प्रदान की जाने वाली अध्ययन सामग्री उच्च गुणवत्ता की है। सिर्फ एक मॉड्यूल के बदले उन्होंने मुझे 'एनसीईआरटी मैप्स' और 'नो योर एनसीईआरटी' समेत 2-3 किताबें दीं। मुझे ये पुस्तकें वास्तव में मददगार लगीं।




**प्रश्न : नीट की तैयारी में आकाश ने किस प्रकार योगदान दिया?**

**सूर्या :** आकाश ने मुझे नीट के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आकाश की किताबों और शिक्षकों ने मेरी तैयारी में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कक्षा में साथी छात्रों के साथ चर्चा और बातचीत ने मेरे भीतर एक प्रतिस्पर्धी भावना को बढ़ावा दिया, जिससे नीट परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करने का मेरा आत्मविश्वास बढ़ा।

**प्रश्न : सूर्या, क्या आप नीट के लिए एनसीईआरटी का पूरी तरह से अध्ययन करने के महत्व के बारे में विस्तार से बता सकते हैं?**

**सूर्या :** एनसीईआरटी नीट की तैयारी का आधार है, और इसका गहन अध्ययन करना आवश्यक है। नीट में कई प्रश्न एनसीईआरटी पाठ्यपुस्तकों के बयानों पर आधारित होते हैं। कभी-कभी प्रश्न अस्पष्ट लग सकते हैं, लेकिन वे एनसीईआरटी में दी गई जानकारी के अनुरूप होते हैं। सभी प्रश्नों के उत्तर देने में सटीकता सुनिश्चित करने के लिए, एनसीईआरटी और इसकी अवधारणाओं की पूरी समझ होनी चाहिए।

**प्रश्नः सूर्या, आपने अपनी तैयारी के दौरान डिस्ट्रैक्शन को कैसे काबू किया और कैसे अनुशासन बनाए रखा?**

**सूर्या :** 11वीं कक्षा में, मुझे वीडियो गेम खेलने और टीवी देखने जैसे डिस्ट्रैक्शन का भी सामना करना पड़ा। हालाँकि, मैंने अनुशासन के महत्व और इस तरह के डिस्ट्रैक्शन से बचने की आवश्यकता को महसूस किया। उन डिस्ट्रैक्शन को समाप्त करके और नियमितता एवं एकाग्रता पर ध्यान केंद्रित करके, मैं एक अच्छी दिनचर्या बनाने में सक्षम था। नीट की तैयारी में ये पहलू महत्वपूर्ण हैं, और 11वीं कक्षा की शुरुआत में ही परीक्षा में सफलता के लिए एक नींव तैयार करने में मदद मिलती है।

**प्रश्न : स्वयं शक्ति, आप अपने राज्य में टॉपर बनकर उभरे हैं। आपको मेडिकल करियर चुनने के लिए कैसे प्रेरणा मिली और आकाश ने आपकी सफलता में कैसे योगदान दिया?**

**स्वयं :** मेरे परिवार में, सभी ने इंजीनियरिंग की पढ़ाई की है, इसलिए मैं एक अलग रास्ता बनाना चाहता था। चिकित्सा के जरिए लोगों की सेवा करने के सीधे प्रभाव ने मुझे प्रेरित किया। आकाश में, जब भी मुझे चुनौतियों का सामना करना पड़ा, आकाश के शिक्षकों ने मेरे गुरु के रूप में मेरी मदद करी। उन्होंने मेरा जरूरी मार्गदर्शन किया।

**प्रश्नः क्या आप अपनी नीट परीक्षा की तैयारी की रणनीति बता सकते हैं?**

**स्वयं :** मैंने अपने एग्जाम की बायोलॉजी से शुरुआत की, सभी प्रश्नों को 40 मिनट में पूरा किया। फिर मैं केमिस्ट्री में गया, उसके बाद फिजिक्स में। अंतिम 15 प्रश्नों पर सावधानीपूर्वक ध्यान देने की आवश्यकता थी, और मैंने एक घंटे का समय ओएमआर शीट को पूरी सटीकता के साथ बबल करने के लिए समर्पित किया। पूरी तैयारी के साथ मिलकर इस रणनीति ने मुझे परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने में मदद की।

ध्रूव, शुभम, सूर्या, स्वयं और पूरे भारत से अन्य कई छात्रों की सफलता, नीट एग्जाम की तैयारी और उनकी उपलब्धियों को आकार देने में आकाश ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। iआकाश नीट की तैयारी के लिए एक प्रमुख संस्थान के रूप में चमकना जारी रखता है, जैसा कि नीट 2023 में आकाश के छात्रों द्वारा प्राप्त किए गए असाधारण परिणामों से स्पष्ट होता है।

1 लाख से अधिक आकाश के छात्रों ने नीट 2023 में क्वालीफाई किया है। टॉप 50 आल इंडिया रैंक में आकाश के 30 छात्र हैं और टॉप 100 रैंक में 57 छात्र है । इसके अतिरिक्त, आकाश के 17 छात्र स्टेट टॉपर्स के रूप में उभरे हैं, जो उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन को दर्शाता है। कुल 145 आकाश छात्रों ने नीट 2023 में 700+ स्कोर किया है, जिनमें से 109 क्लासरूम प्रोग्राम से हैं। इस तरह के प्रभावशाली परिणाम देने का आकाश का लगातार ट्रैक रिकॉर्ड नीट की तैयारी में एक अग्रणी संस्थान के रूप में इसकी स्थिति की पुष्टि करता है।

## टैक्नोलॉजी पर आधारित इनोवेशंस के लिए वेदांता स्पार्क और इलैक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय व नैसकॉम के सेंटर ऑफ एक्सीलैंस ने किया समझौता

**नई दिल्ली/बैंगलोर।** वेदांता स्पार्क ने इलैक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय और नैसकॉम के सेंटर ऑफ एक्सीलैंस (सीओई) - आईओटी और एआई के साथ अपनी साझेदारी की घोषणा की है। यह साझेदारी टैक्नोलॉजी पर आधारित इनोवेशंस को बढ़ावा देने के मकसद से की गई है। वेदांता स्पार्क दरअसल वेदांता ग्रुप का एक ग्लोबल कॉर्पोरेट प्रोग्राम है, जो तकनीकी स्टार्ट-अप को बढ़ावा देने की दिशा में काम करता है।

वेदांता स्पार्क कार्यक्रम का उद्देश्य वेदांता समूह की कंपनियों के साथ साझेदारी में बो? पैमाने पर प्रभाव पैदा करने के लिए परिवर्तनकारी और सस्टेनेबल टैक्नोलॉजी का लाभ उठाने वाले स्टार्टअप्स को गति देना है। अब तक 120 से अधिक प्रोजेक्ट्स के लिए 80 स्टार्ट-अप्स को शामिल किया जा चुका है। नैसकॉम के सेंटर ऑफ एक्सीलैंस को हेल्थ केयर और वेल बीइंग, प्रोसेस, मैन्यूफेक्चरिंग आदि के क्षेत्र में बड़े और मध्यम आकार के कारोबारों की इनोवेशन संबंधी जरूरतों को और तेज करने वाली अपनी सफल टैक्नोलॉजी संबंधी सक्षमता के लिए जाना जाता है। प्रिया अग्रवाल हेब्बर, चेयरपर्सन, हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड और नॉन-एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर, वेदांता लिमिटेड ने कहा, ''इलैक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय और नैसकॉम के सेंटर ऑफ एक्सीलैंस के साथ वेदांता की इस साझेदारी से इनोवेटिव स्टार्टअप अब अपने प्रोडक्ट्स को हमारे इकोसिस्टम में प्रदर्शित करने और विकसित करने के अवसर मिलेंगे। वेदांता स्पार्क समाधान खोजने के लिए तेजी से उभरती टैक्नोलॉजी का उपयोग करने के लक्ष्य के साथ हमारे कामकाज को और महत्वपूर्ण और उपयोगी बनाने का प्रयास कर रहा है। इस तरह हम पर्यावरणीय, सामाजिक और आर्थिक स्थिरता में ऐसा योगदान कर पाएंगे, जो लंबे समय तक उपयोगी रहेंगे।'' यह साझेदारी वेदांता ग्रुप के विभिन्न क्षेत्रों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), मशीन लर्निंग (एमएल), इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) और ऑगमेंटेड रियलिटी (एआर)/वर्चुअल रियलिटी (वीआर) जैसी उभरती टैक्नोलॉजी के संभावित एप्लीकेशन का पता लगाएगी। नैसकॉम सीओई के साथ सहयोग से वेदांता स्पार्क की टीम को उद्यम स्तर की पहल और प्रक्रियाओं को ऑप्टिमाइज करने में भी मदद मिलेगी। सीओई में अभिनव कंपनियों का एक विशाल पूल है, जिसमें क्लाउड इंफ्रा ऑप्टिमाइजेशन, यूएवी-आधारित सॉल्यूशंस, डेटा-आधारित प्रीडिक्टिव एप्रोच और ऐसे सॉल्यूशंस शामिल हैं, जो रीयल टाइम में एंटरप्राइज से संबंधित मुद्दों और विशिष्ट समस्याओं को दूर करने में सक्षम हैं। इलैक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय-नैसकॉम के सेंटर ऑफ एक्सीलैंस के सीईओ श्री संजीव मल्होत्रा ने कहा, ''डिजिटल-फर्स्ट और इनोवेशन-आधारित एप्रोच आज व्यवसायों के लिए सबसे पहली प्राथमिकता है। वेदांता स्पार्क के साथ हमारी साझेदारी का उद्देश्य ग्राहक की वर्तमान और भविष्य की जरूरतों को पूरा करने के लिए इनोवेशन और व्यापार वृद्धि की एक नई लहर को आगे बढ़ाना है। साझेदारी अत्याधुनिक तकनीकों के विकास का समर्थन करेगी जिससे खनन, तेल और गैस क्षेत्र में दिलचस्प उपयोग के मामले सामने आएंगे। नासकॉम सीओई इनोवेशन से संबंधित एक ऐसे इको सिस्टम को सपोर्ट करने की दिशा में सक्रिय रूप से लगातार काम कर रहा है, जिसमें डिजिटलीकरण के एजेंडे को आगे बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है।

# भारतीय नौसेना ने 'आज़ादी का अमृत महोत्सव' जश्न के तहत टीवीएस मोटर कंपनी के साथ की साझेदारी

अभियान के तहत नौसेना के अधिकारी टीवीएस अपाचे मोटरसाइकलों पर सवार होकर लद्दाख के खूबसूरत प्राकृतिक नज़ारों से होकर गुज़रेंगे

**बिजनेस रेमेडीज/नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना ने 'आज़ादी का अमृत महोत्सव' जश्न को जारी रखते हुए ऊँचे मार्गों वाली भूमि लद्दाख में मोटरसाइकल अभियान की शुरूआत के लिए प्रतिष्ठित दोपहिया एवं तिपहिया निर्माता टीवीएस मोटर कंपनी के साथ साझेदारी की है।



आज़ादी का अमृत महोत्सव के तहत स्वतन्त्रता के 75वें वर्ष के उपलक्ष्य में, टीवीएस अपाचे मोटरसाइकलों पर 28 दिनों तक चलने वाले इस अभियान को नई दिल्ली से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

भारतीय नौसेना की मोटर बाइक टीम के इस अभियान को नई दिल्ली के नेशनल वार मैमोरियल से नेवल स्टाफके वाईस चीफ वाईस एडमिरल एसजे सिंह ने रवाना किया, इस अवसर टीवीएस मोटर कंपनी के हैड-बिज़नेस-प्रीमियम विमल सुंबली भी मौजूद थे। इस यात्रा के दौरान 34 से अधिक अधिकारी टीवीएस अपाचे आरटीआर 200 4वी और टीवीएस अपाचे आरआर 310 मोटरसाइकिलों पर सवार होकर चण्डीगढ़, जम्मू, श्रीनगर, करगिल और नुबरा होते हुए लेह पहुंचेंगे। यह राईड लगभग 5600 किलोमीटर की दूरी तय करने के बाद 12 जुलाई 2023 को नेशनल वार मैमोरियल पर समाप्त होगी।

## एनटीपीसी बरौनी को जल संसाधन संरक्षण एवं प्रबन्धन के लिए प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कारों में पहला स्थान मिला



**बिजनेस रेमेडीज/नई दिल्ली।** एनटीपीसी बरौनी को जल संसाधन संरक्षण एवं प्रबन्धन के लिए प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कारों में पहले स्थान पर रखा गया है। भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय ने बेस्ट इंडस्ट्री कैटेगरी में एनटीपीसी बरौनी को इस पुरस्कार से सम्मानित किया।

यह पुरस्कार भारत के माननीय उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ द्वारा एनटीपीसी के सीएमडी गुरदीप सिंह और एनटीपीसी बरौनी के हैड ऑफ प्रोजेक्ट राजीव खन्ना को दिया गया। इस अवसर पर केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत भी मौजूद थे। यह पुरस्कार जल संसाधनों के संरक्षण एवं प्रबन्धन में एनटीपीसी के उत्कृष्ट प्रयासों और प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। एनटीपीसी की स्थायी प्रथाओं एवं पर्यावरण के प्रति समर्पण ने इस उपलब्धि को हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कंपनी ने जल संसाधनों के प्रभावी संरक्षण एवं प्रबन्धन के लिए कई पहलों को अंजाम दिया है। एनटीपीसी के प्रयासों के परिणामस्वरूप न सिर्फ पानी की बचत होती है बल्कि पर्यावरण पर दुष्प्रभाव कम करने में भी मदद मिलती है।

जल शक्ति मंत्रालय का यह प्रतिष्ठित सम्मान स्थायी प्रथाओं के लिए एनटीपीसी की प्रतिबद्धता को सशक्त बनाता है और कंपनी को जल संसाधनों के संरक्षण एवं प्रबन्धन की दिशा में प्रयास जारी रखने के लिए प्रोत्साहित करता है।

# एक्सिस बैंक ने भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व डिप्टी गवर्नर, एन.एस. विश्वनाथन को गैर-कार्यकारी (अंशकालिक) चेयरमैन नियुक्त किया

**बिजनेस रेमेडीज।** एक्सिस बैंक के निदेशक मंडल ने आयोजित अपनी बैठक में एन.एस. विश्वनाथन, स्वतंत्र निदेशक को तीन साल की अवधि के लिए बैंक के गैर-कार्यकारी (अंशकालिक) चेयरमैन के रूप में नियुक्त किए जाने हेतु स्वीकृति दे दी है जो कि बैंक और भारतीय रिजर्व बैंक के शेयरधारकों के अनुमोदन के अधीन है। उनकी नियुक्ति 27 अक्टूबर, 2023 से प्रभावी होगी या फिर भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा उनकी नियुक्ति की स्वीकृति की तिथि ('अनुमोदन') से होगी, यदि 27 अक्टूबर, 2023 से पहले स्वीकृति प्राप्त नहीं हो पाती है।



भारतीय रिजर्व बैंक में विश्वनाथन की नियुक्ति 1981 में हुई और मार्च 2020 में वह डिप्टी गवर्नर के रूप में सेवानिवृत्त हुए। केंद्रीय बैंक में लगभग चार दशकों का उनका शानदार कॉरियर रहा। डिप्टी गवर्नर के रूप में अपने पूरे कार्यकाल में, उन्होंने केंद्रीय बैंकिंग में प्रशासन, बैंकिंग और गैर-बैंकिंग विनियमन, प्रबंधन, जोखिम प्रबंधन और मानव संसाधन प्रबंधन सहित कई महत्वपूर्ण क्षेत्र में अपने वृहत ज्ञान एवं कुशलता का प्रदर्शन किया।

विश्वनाथन ने अपने कॉरियर में अन्य महत्वपूर्ण भूमिकाएँ भी निभाईं, जैसे कि उन्होंने बैंक ऑफ मॉरीशस में पर्यवेक्षण निदेशक के रूप में कार्य किया; भारतीय औद्योगिक वित्तीय निगम में उन्होंने मुख्य सतर्कता अधिकारी, और आंतरिक लेखापरीक्षा के प्रमुख के तौर पर काम किया। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) में बोर्ड के सदस्य के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने वित्तीय उद्योग के प्रति अपने समर्पण को प्रदर्शित किया, जहां उन्होंने जुलाई 2016 से मार्च 2020 तक सेवा की।

एक्सिस बैंक के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, अमिताभ चौधरी ने कहा, 'हमें एक्सिस परिवार में विश्वनाथन का स्वागत करते हुए प्रसन्नता और खुशी महसूस हो रही है। उनके वृहत ज्ञान, वित्तीय क्षेत्र की समझ और नियामक परिदृश्य में कार्य करने में विशेषज्ञता से महत्वपूर्ण निर्णय लेने की क्षमता बढ़ेगी। साथ ही, हम अनुपालन और कॉर्पोरेट प्रशासन के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के प्रति अधिक प्रतिबद्धता से काम कर सकेंगे। बोर्ड में उनकी उपस्थिति के साथ, हम सतत विकास और लाभप्रदता के अपने एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए बेहतर रूप में सशक्त हैं।' अपनी नियुक्ति पर प्रतिक्रिया देते हुए, नूरानी सुब्रमण्यम विश्वनाथन ने कहा, 'मुझे एक्सिस बैंक जैसी उत्कृष्ट संस्था के सम्मानित बोर्ड में शामिल होने की खुशी है। कॉरपोरेट गवर्नेंस और स्थिरता पर बैंक के उल्लेखनीय जोर ने उद्योग में इसकी स्थिति को मजबूत किया है। मुझे बैंक के एजेंडे में योगदान देने और विशिष्ट निदेशक मंडल के साथ मिलकर सहयोग करने की प्रतीक्षा है।


हार्दिक शुभकामनाओं के साथ

| | | |
|---|---|---|
| बाबूलाल गुप्ता (चैयरमेन) 9829062328 | बहादुर चंद जैन (संरक्षक) 9414095313 | रमेश चौधरी (सलाहकार) 9314412336 |
| सुरेश चंद्र अग्रवाल (वरिष्ठ उपाध्यक्ष) 9414016241 | प्रकाश चंद मेहता (वरिष्ठ उपाध्यक्ष) 9829026731 | केदारनाथ अग्रवाल (वरिष्ठ उपाध्यक्ष) 9414041763 |
| रिद्धकरण सेठिया (वरिष्ठ उपाध्यक्ष) 9414137237 | हेमेन्द्र गंगावत (वरिष्ठ उपाध्यक्ष) 9829043667 | राजेन्द्र खंडेलवाल (महामंत्री) 9414187875 |
| राजेन्द्र कुमार तांबी (अतिरिक्त महामंत्री) 9414054485 | सत्यनारायण चित्तांग्या (मंत्री) 9314507629 | हरसहाय नाटाणी (कोषाध्यक्ष) 9413971175 |

राजस्थान खाद्य पदार्थ व्यापार संघ

(राजस्थान के खाद्य पदार्थ के समस्त व्यापारी एवं कृषि उपज आधारित उद्योगों का एकमात्र पंजीकृत प्रतिनिधि संगठन)

तृतीय तल, प्रेम विला, डी3-डी4, मावा मंडी, सुभाष नगर शॉपिंग सेंटर, शास्त्री नगर, जयपुर 302016 फोनः 0141-2283858



मार्बल माईन ऑनर्स एसोसिएशन राजसमन्द

कार्यालयः एन.एच. 8, गौमती रोड, केलवा चौपाटी केलवा

जिलाः राजसमंद (राजस्थान) 313334 । मो. 7597751978

E-mail: mmoarajsamand@gmail.com

पर्यावरण विकास संस्था

कार्यालयः एन.एच. 8, गौमती रोड, केलवा चौपाटी केलवा

जिलाः राजसमंद (राजस्थान) 313334 । मो. 7597751978

website: paryavaranvikassanstha.org

E-mail: pvsraj2006@gmail.com

हार्दिक शुभकामनाओं के साथ

श्री गौरव सिंह राठौड़

अध्यक्ष, मार्बल माईन ऑनर्स एसोसिएशन एवं समस्त सदस्यगण।

श्री रामनारायण पालीवाल

अध्यक्ष, पर्यावरण विकास संस्था एवं समस्त सदस्यगण।



RBM Infracon LTD. RBM INFRACON LIMITED



WE ARE PROUD TO BE AN ISO 9001:2015 ACCREDITED COMPANY AND SINCE ESTABLISHMENT IN 1992

WE ARE A SPECIALIST CONTRACTOR FOR CONSTRUCTION, MAINTENANCE ANTURNAROUND SERVICES TOOIL & GAS REFINERIES, PETROCHEMICALS, FERTILIZERS , GAS CRACKER PLANTS COAL/GAS/WHR BASED POWER PLANTS, CHEMICALS, CEMENT, FERTILIZERS, SUGAR PLANTS, PAPER PLANTS, IRRIGATION AND OTHER ALLIED SECTORS.

OUR PROFESSIONALISM & STRENGTH

- Fabrication and erection of piping of such as CS/ SS/ Alloy steel including above ground and underground. Supply, fabrication and erection of plate work (such as ducts, hoppers, chutes etc.)
- Design, Supply, Fabrication & erection of structural steel work.
- Tanks, Silos etc. on EPC basis.
- Erection of plants and equipment including boilers, turbo generator sets, heaters, conveying system etc.
- Electrical and instrumentation.
- Blast Cleaning and painting.
- Insulation and refractory work.
- Turn around including operation &maintenance worksfor Power, Refineries and Petrochemicals.

Office No.-03, Snehdeep Residency,Near Digjam Circle, Airforce Road, Jamnagar – 361 006 (Gujarat) INDIA.

+91 0288 2710463 | info@rbminfracon.com

www.rbminfracon.com


सत्वाधिकारी मुद्रक व प्रकाशक पुनीत जैन द्वारा 63/118, हीरा पथ, मानसरोवर, जयपुर से प्रकाशित एवं आकाशदीप प्रिन्टर्स एण्ड पब्लिशर्स सेक्टर नं.11, अग्रवाल फार्म मानसरोवर जयपुर-302020 जयपुर से मुद्रित। संपादक : पुनीत जैन मो. 9929106227, *समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। आर.एन.आई नं.: RAJHIN/2013/54166, पोस्टल रजि. नं. जयपुर सिटी/006/2021-23, E-Mail: remediesbusiness@gmail.com, businessremedies@yahoo.com